ज्ञानामृत

आपत्तियां मनुष्यता की कसौटी हैं। इन पर खरा उतरे बिना कोई भी व्यक्ति सफल नहीं हो सकता।

▶▶ पंडित रामप्रताप त्रिपाठी

राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | रायपुर, रविवार, 29 जून 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 175 | पेज- 08 | मूल्य- ₹1.00/-


## न्यूज इन शॉर्ट

### 90 डिग्री का मोड़ बनाने वाली कंपनी ब्लैक लिस्ट, 8 इंजीनियर निलंबित

**विजय मत, भोपाल।** राजधानी भोपाल के ऐशबाग रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) निर्माण में हुई गंभीर तकनीकी लापरवाही को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सख्त रुख अपनाया है। प्रोजेक्ट में सामने आई खामियों की जांच रिपोर्ट के आधार पर मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के आठ इंजीनियरों के विरुद्ध कार्रवाई के आदेश दिए हैं। इनमें दो चीफ इंजीनियर सहित कुल सात इंजीनियरों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है, जबकि एक सेवानिवृत्त अधीक्षण यंत्री (एसई) के विरुद्ध विभागीय जांच शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, ऐशबाग आरओबी प्रोजेक्ट में जो त्रुटियाँ हुई हैं, वे न केवल इंजीनियरिंग लापरवाही की मिसाल हैं, बल्कि जनसुरक्षा के साथ खिलवाड़ है।



### आईपीएस पराग जैन बने रॉ के नए प्रमुख, 1 जुलाई से संभालेंगे पदभार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी पराग जैन को भारत की विदेशी खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया प्रमुख नियुक्त किया है। वह मौजूदा प्रमुख रवि सिन्हा की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल 30 जून 2025 को समाप्त हो रहा है। पराग जैन 1 जुलाई से दो साल के लिए यह जिम्मेदारी संभालेंगे। पराग जैन को आतंकवाद निरोधक विशेषज्ञ माना जाता है, विशेषकर अफगानिस्तान-पाकिस्तान क्षेत्र में उनकी गहरी समझ और पकड़ है। सीमा पार आतंकी नेटवर्क को समझने और डिकोड करने में उनकी विशेषज्ञता के कारण उन्हें रॉ के अगले प्रमुख के तौर पर चुना गया है। उन्हें 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत खुफिया प्रयासों को सफलता-पूर्वक संचालित करने का श्रेय भी दिया जाता है।




### अभिनेत्री शेफाली जरीवाला का कार्डिएक अरेस्ट से निधन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मनोरंजन जगत से शनिवार देर रात ऐसी खबर आई जिसने न केवल फिल्म और टीवी इंडस्ट्री को बल्कि उनके लाखों प्रशंसकों को स्तब्ध कर दिया। लोकप्रिय अभिनेत्री और मॉडल शेफाली जरीवाला, जिन्हें लोग प्यार से 'कांटा लगा गर्ल' के नाम से जानते थे, अब हमारे बीच नहीं रहीं। उनकी उम्र महज 42 साल थी और उनकी मौत की वजह कार्डिएक अरेस्ट बताई जा रही है। शेफाली मुंबई के अंधेरी इलाके में स्थित लोखंडवाला में अपने पति पराग त्यागी के साथ रहती थीं। शनिवार की रात लगभग 11 बजे उन्होंने अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत की। जैसे ही हालत गंभीर हुई, पराग और तीन करीबी लोग उन्हें लेकर पास ही स्थित बेलव्यू मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पिटल पहुंचे। शेफाली की मौत अस्पताल लाने से पहले ही हो चुकी थी।



### रूस में अलगाववाद को बढ़ावा दे रहे पश्चिमी देशः पुतिन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर पश्चिमी देशों पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम देश रूस में अलगाववाद को बढ़ावा दे रहे हैं। पुतिन ने बेलारूस की राजधानी मिंस्क में पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह बयान दिया। उन्होंने कहा, किसी को इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) की गतिविधियों की कोई परवाह नहीं है, जब तक वह रूस के खिलाफ काम कर रहा है। मॉस्को में विस्फोट हुए और अब भी हो रहे हैं, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा। सब कुछ ठीक माना जाता है, जब तक वह रूस के खिलाफ हो। रूसी राष्ट्रपति ने आगे कहा, ऐसा पहले भी हुआ जब पश्चिम देश सामूहिक रूप से हमारे देश में अलगाववाद को बढ़ावा दे रहे थे। उन्होंने रूस के खिलाफ लड़ाई में आतंकवाद को एक हथियार के रूप में उपयोग किया।



## नागपुर में मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने संविधान के महत्व पर जोर दिया, कहा-

# धारा 370 हटाने का फैसला स्वीकार किया ताकि देश में एक संविधान रहे



**नागपुर, एजेंसी**

नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने संविधान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संविधान के केंद्रीकृत होने को लेकर बाबा साहब आंबेडकर की खूब आलोचना की गई थी। आज हम अपनी 75 साल की यात्रा में देख रहे हैं कि जब भी भारत ने किसी संकट का सामना किया है, तो देश एकजुट रहा है। यह संविधान से ही संभव हुआ है। नागपुर में देश के मुख्य न्यायाधीश ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के फैसले को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि देश को एकजुट रखने के एक ही संविधान की जरूरत है। हमने संसद द्वारा लिए गए धारा 370 को हटाने के फैसले को सर्वसम्मति से स्वीकार किया, ताकि देश में एक ही संविधान चले। देश के एक राज्य में अलग संविधान बाबा साहब आंबेडकर की विचारधारा के अनुरूप नहीं था। उन्होंने कहा कि संविधान के केंद्रीकृत होने को लेकर बाबा साहब आंबेडकर की खूब आलोचना की गई थी। बाबा साहब ने उस आलोचना का जवाब देते हुए कहा था कि हम देश को सभी चुनौतियों के लिए उपयुक्त संविधान दे रहे हैं और मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि यह युद्ध और शांति के समय में देश को एकजुट रखेगा। आज हम अपनी 75 साल की यात्रा में देख रहे हैं कि हमारे आसपास क्या स्थिति है? जब भी भारत ने किसी संकट का सामना किया है, तो देश एकजुट रहा है। यह संविधान से ही संभव हुआ है।

### कार्यपालिका संविधान और कानून के ढांचे के भीतर काम करती है

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि संविधान ने सरकार के तीन अंगों विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की सीमाएं तय की हैं। कानून बनाना विधायिका और राज्य विधानसभाओं की जिम्मेदारी है, जबकि कार्यपालिका संविधान और कानून के ढांचे के भीतर काम करती है। उन्होंने कहा कि संविधान और नागरिकों के अधिकारों को बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

### विधायिका के क्षेत्रों में हस्तक्षेप करने की कोशिश करती है

सीजेआई ने कहा कि अगर न्यायपालिका हर मामले में कार्यपालिका और विधायिका के क्षेत्रों में हस्तक्षेप करने की कोशिश करती है, तो मैं हमेशा कहता हूं हालांकि न्यायिक सरि यता बनी रहेगी, लेकिन इसे न्यायिक दुस्साहस और न्यायिक आतंकवाद में बदलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

## मुख्यमंत्री ने तहसील कार्यालय का किया शुभारंभ, नगर पंचायत का दर्जा देने की घोषणा

# हर मोर्चे पर 'मोदी की गारंटी' को पूरा कर रहा छत्तीसगढ़: सीएम साय



**विजय मत, रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के तपकरा में तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी कार्यालय का शुभारंभ किया। विदित हो कि 14 जनवरी को जशपुर जिले के प्रवास पर मुख्यमंत्री ने तपकरा को पूर्ण तहसील बनाने की घोषणा की थी। तहसील बनने से इसका लाभ 33 ग्रामों के किसानों, छात्रों और नागरिकों को मिलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने तपकरा को नगर पंचायत बनाने, तपकरा स्थित खेल स्टेडियम के सौंदर्यीकरण के लिए 50 लाख रुपए स्वीकृत करने और फरसाबहार में विश्राम गृह निर्माण करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सरकार विकास के हर मोर्चे पर मोदी की गारंटी को तेजी से लागू कर रही है। सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए। महिलाओं को सशक्त बनाने महतारी वंदन योजना के माध्यम से 70 लाख महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपए दिए जा रहे हैं। तेंदूपत्ता संग्राहकों की आय में वृद्धि के लिए तेंदूपत्ता का समर्थन मूल्य प्रति मानक बोरा 5,500 रुपए किया गया है। गांव में ही बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अटल डिजिटल सेवा केंद्र खोले जा रहे हैं।आगामी पंचायत दिवस पर सभी ग्राम पंचायतों में इसे शुरू करने की योजना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम नागरिकों की सुविधा के लिए रजिस्ट्री में 10 नई क्रांतियों के तहत नवाचारों का बेहतर उपयोग कर पंजीयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल, डिजिटल और नागरिक केंद्रित बनाया गया है। कार्यक्रम में कलेक्टर रोहित व्यास ने बताया कि यहां तहसील कार्यालय खुलने से किसानों, भूस्वामियों, छात्रों और नागरिकों को विशेष सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि एसडीएम फरसाबहार का लिंक कोर्ट भी आगामी सोमवार से प्रारंभ हो जाएगा। विधायक श्रीमती गोमती साय ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। आम नागरिकों की सुविधा के लिए राज्य सरकार पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, भरत साय, रोहित साय, आईजी दीपक कुमार झा, पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, तपकरा सरपंच श्रीमती सविता जायसवाल सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## आचार्य विद्यानंद महाराज के शताब्दी समारोह में शामिल हुए पीएम

# हजारों वर्षों से अमर है भारत के विचार दार्शनिक सोच और विश्वदृष्टिः मोदी



**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को दुनिया की सबसे प्राचीन जीवित सभ्यता बताते हुए कहा है कि यह देश हजारों वर्षों से अमर है क्योंकि इसके विचार, दार्शनिक सोच और विश्वदृष्टि शाश्वत हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यहां जाने-माने जैन संत आचार्य विद्यानंद महाराज के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए कहा, हमारा भारत विश्व की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है। हम हजारों वर्षों से अमर हैं, क्योंकि हमारे विचार अमर हैं, हमारा चिंतन अमर है, हमारा दर्शन अमर है। और इस दर्शन के स्रोत हैं- हमारे ऋषि, मुनि, महर्षि, संत और आचार्य! आचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिराज भारत की इसी पुरातन परंपरा के आधुनिक प्रकाश स्तम्भ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज राष्ट्र अपनी आध्यात्मिक परंपरा में एक महत्वपूर्ण अवसर देख रहा है। उन्होंने कहा कि आज का दिन एक अन्य कारण से भी विशेष महत्व रखता है क्योंकि 28 जून 1987 को श्री विद्यानंद मुनिराज को औपचारिक रूप से 'आचार्य' की उपाधि प्रदान की गई थी।

### पीएम मोदी को 'धर्म चक्रवर्ती' की उपाधि से नवाजा गया

शताब्दी समारोह में प्रधानमंत्री मोदी को धर्म चक्रवर्ती की उपाधि से सम्मानित किया गया। पीएम मोदी ने आचार्य विद्यानंद जी महाराज की 100वीं जयंती के अवसर पर उनके शताब्दी समारोह के दौरान डाक टिकट और सिक्के जारी किए। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह दिन इसलिए भी खास है, क्योंकि 28 जून 1987 को आचार्य विद्यानंद मुनिराज को आचार्य की उपाधि मिली थी। यह सिर्फ सम्मान नहीं था, बल्कि जैन संस्कृति को विचारों, संयम और करुणा से जोड़ने वाली पवित्र धारा भी थी।

## मध्य प्रदेश के लॉ छात्र को बड़ी राहत

# एनएसए के तहत कार्रवाई पर रोक अदालत ने कहा- रिहा करे पुलिस



**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के एक कानून छात्र को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत की गई एहतियाती हिरासत से तुरंत रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने इस हिरासत को पूरी तरह से गलत और असंगत बताया। बता दें कि, ये मामला मध्य प्रदेश के बैतूल जिले का है, जहां अनु उर्फ अनिकेत, जो कि एक कानून का छात्र है, को 11 जुलाई 2024 को एनएसए के तहत हिरासत में लिया गया था। इससे पहले, विश्वविद्यालय परिसर में एक प्रोफेसर से झगड़े के बाद उसके खिलाफ हत्या की कोशिश और अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई थी। उस वक्त वह पहले से जेल में था, लेकिन उसी दौरान जिला मजिस्ट्रेट ने उस पर एनएसए के तहत एक अलग से कैद का आदेश जारी कर दिया।

## अमरनाथ यात्रा से पहले बसंतगढ़ में मुठभेड़, जैश का एक आतंकी ढेर



**नई दिल्ली, एजेंसी**

श्री अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले उधमपुर के बसंतगढ़ में सुरक्षाबलों वीरवार को मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकी को ढेर कर दिया। वहीं, बचे तीन आतंकियों की घेराबंदी कर रखी है। इनके सफाए के लिए सेना और पुलिस ने ऑपरेशन बिहाली शुरू किया है। बताया जा रहा है कि जैश-ए-मोहम्मद के ये आतंकी पिछले एक वर्ष से सक्रिय रहे हैं। आईजी जम्मू भीमसेन टूटी ने बताया कि वीरवार सुबह पुख्ता सूचना के आधार पर सुबह करीब 8:30 बजे सुरक्षाबलों और पुलिस ने बसंतगढ़ के बिहाली इलाके के जंगलों में संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। सामना होते ही आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बताया कि जवाबी कार्रवाई में एक आतंकी मारा गया। आईजी भीमसेन टूटी के मुताबिक आतंकी एक नाले के नजदीक छिपे हुए हैं। वे भाग न सकें, इसलिए घेराबंदी मजबूत की गई है।

## डॉक्टर के साथ बड़ी ठगी, डिजिटल अरेस्ट कर ठगे तीन करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई में एक 70 वर्षीय महिला डॉक्टर से साइबर अपराधियों ने 3 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने उन्हें डिजिटल अरेस्ट करके आठ दिनों तक डराया-धमकाया। पुलिस के मुताबिक, मई महीने में पीड़िता को एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को टेलीकॉम विभाग का कर्मचारी अमित कुमार बताया और कहा कि उनके नाम से एक सिम कार्ड जारी हुआ है, जो आपराधिक गतिविधियों में इस्तेमाल हो रहा है। इसके तुरंत बाद उन्हें एक और कॉल आया, जिसमें खुद को क्राइम ब्रांच अधिकारी समाधान पवार बताया गया। उसने कहा कि एक मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार एयरलाइन कंपनी के मालिक के घर से पीड़िता के बैंक अकाउंट और डेबिट कार्ड की जानकारी मिली है। एक व्यक्ति ने पुलिस की वर्दी में उनके पति से वीडियो कॉल पर बात की। इससे पीड़िता को लगा कि मामला सच है। आरोपियों ने पीड़िता को 8 दिन तक वीडियो सर्विलांस में रखा। हर घंटे उन्हें कॉल करके रिपोर्ट करने के लिए मजबूर किया गया।

## डोनाल्ड ट्रंप ने गिनाईं पद की चुनौतियां

# अब भी सुनाई देती है गोली की गूंज, राष्ट्रपति होना बेहद कठिन



**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हमेशा से ही अपने बयानों के लेकर चर्चा में रहे हैं। इसी बीच उन्होंने अपने राष्ट्रपति बनने और उनके ऊपर लगातार मंडराते खतरों का जिक्र किया। शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान ट्रंप ने कहा कि राष्ट्रपति बनना किसी भी खतरनाक पेशे से कम नहीं है। ट्रंप प्रशासन की तरफ से यह प्रेस वार्ता अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के बाद बुलाई गई थी, जिसमें ट्रंप प्रशासन को व्यापक नीतिगत फैसले लागू करने की छूट दी गई।

### राष्ट्रपति बनने के बाद हुआ पेशे के खतरे का अंदाजा

ट्रंप ने कहा कि राष्ट्रपति बनने के बाद उन्हें इस पेशे के खतरों का असली अंदाजा हुआ। उन्होंने कहा कि रेस कार ड्राइवरों और बुल राइडरों की मृत्यु दर 0.1प्रतिशत है, लेकिन राष्ट्रपति के लिए यह करीब 5त्न है। अगर पहले पता होता, शायद मैं खड़ा न होता। अमेरिका के 45 में से चार राष्ट्रपतियों की हत्या हो चुकी है और कई पर जानलेवा हमले हो चुके हैं। ट्रंप पर भी अब तक कई हमले हो चुके हैं।

## ईरान की ट्रंप को दो टूक, अराघची बोले-

# अगर समझौता चाहिए तो सम्मान दिखाइए, असली ताकत दिखाई तो टूट जाएंगे भ्रम



**तेहरान, एजेंसी**

ईरान और इस्राइल के बीच संघर्ष थमने के बाद भी अमेरिका और ईरान के बीच तीखी बयानबाजी चरम पर है। जहां एक तरफ राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को ईरान के सर्वोच्च नेता पर जुबानी हमला बोला। तो वहीं दूसरी ओर ईरान के विदेश मंत्री अराघची ने ट्रंप को इस बात को लेकर चेताया कि अगर ट्रंप समझौता चाहते हैं तो अयातुल्ला खामेनेई के प्रति सम्मानजनक रवैया अपनाएं, वरना ईरान अपनी असली ताकत दिखाएगा, जिससे कई सारे भ्रम टूट जाएंगे। परमाणु कार्यक्रम को लेकर इस्राइल और ईरान के बीच शुरू हुआ संघर्ष अब थम गया है।

### ईरान के रास नहीं आता अपमानः अराघची

अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि ईरानी जनता को धमकियां और अपमान रास नहीं आते। अगर किसी गलतफहमी के कारण अमेरिका कोई और बड़ी गलती करता है, तो ईरान अपनी असली ताकत दिखाने में देर नहीं करेगा। उन्होंने आगे कहा कि ईरानी जनता की जटिलता और दृढ़ता हमारे शानदार कालीनों की तरह है, जिन्हें महीनों की मेहनत और धैर्य से बुना जाता है।

## धनखड़ का आपातकाल पर बड़ा हमला

# प्रस्तावना में बदलाव संभव नहीं, फिर भी 1976 में इसे बदला गया



**नई दिल्ली, एजेंसी**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आपातकाल को लेकर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता क्योंकि यह वह बीज है जिस पर यह दस्तावेज विकसित होता है। लेकिन भारत के अलावा किसी अन्य देश के संविधान की प्रस्तावना में परिवर्तन नहीं किया गया।

### दत्तात्रेय होसबाले ने दिया था बयान

राष्ट्रीय स्व्यंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने संविधान की प्रस्तावना में किए गए बदलावों को निरस्त करने के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी से माफी मांगने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में समाजवाद और पंथनिरपेक्ष शब्द आपातकाल के दौरान ही जोड़े गए थे। कांग्रेस ने होसबाले की टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए आरोप लगाया कि संघ ने कभी संविधान को स्वीकार ही नहीं किया।

### मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष डौंडीलोहारा कांति प्रकाश सोनबरसा रहे

# स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव

**विजय मत, बालोद**

स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को भव्य प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि जनपद पंचायत डौडी लोहारा के अध्यक्ष कान्ती सोनबरस अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य प्रभा नायक, विशिष्ट अतिथिगण सरपंच डोमेंद्र मंडावी, जनपद सदस्य टीकम निषाद, रामलाल नायक उपाध्यक्ष मंडल देवरी, मंडल महामंत्री राधेश्याम देवांगन, उपसरपंच फरदफोड प्रकाश सोनबरस, देवेंद्र जोशी, बरसन निषाद विधायक प्रतिनिधि, दिनेश वैष्णव, उपसरपंच गोविंद ठाकुर, पंच रःजनी चौहान सहित ग्राम पंचायत के पंच एवं बच्चो के पालक अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र, अभिभावक और विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। इस



अवसर पर राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। साथ ही सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का भी वितरण किया गया, जिससे विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति उत्साह देखने को मिला। मुख्य अतिथि कान्ती सोनबरस ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार की योजनाएँ ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा को सहज, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण बनाने का कार्य कर रही हैं। सायकल स्टैंड शेड निर्माण 10 लाख राशि की घोषणा किया। वहीं प्रभाराम लाल नायक ने कहा कि स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता में अभूतपूर्व सुधार हुआ है और यह प्रयास भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। प्रार्थना सभा डोम निर्माण के घोषणा किया। सभा को रामलाल नायक, राधेश्याम देवांगन ने भी संबोधित किया। अतिथियो द्वारा एक पेड माँ के नाम पर विद्यालय परिसर मे वृक्षारोपण किया।

विद्यालय के प्राचार्य ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए छात्रों को आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया और कहा कि विद्यालय न केवल अकादमिक शिक्षा, बल्कि समग्र व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान केंद्रित करता है। संचालन व्याख्याता के पी भरद्वाज ने किया।

# राजनांदगांव में पुलिस टीम ने की 125 घरों में संदिग्धों की जांच

### गांजा पेड़ और तलवार सहित दो की गिरफ्तारी

**विजय मत, राजनांदगांव**

बाहर से आए मुसाफिरों, फेरी वालों, अवैध अप्रवासी भारतीय तथा अन्य गुण्डा बदमाश व संदिग्धों की पहचान हेतु पुलिस द्वारा अभियान चलाकर अटल आवास लखोली में लगभग 125 से अधिक घरों को चेक किया गया। संदिग्ध लोगों को थाना लाकर पूछताछ की गई। संदिग्ध व्यक्तियों के पास से एक तलवार मिलने पर उसके के विरूद्ध आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गई। एक व्यक्ति के पास से गांजा पौधा जप्त कर उसके विरूद्ध एनडीपीएस के तहत कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर एवं नगर पुलिस अधीक्षक



पुष्पेन्द्र नायक के नेतृत्व में चोरी, लूट, झपटमारी, चाकूबाजी, नशीले पदार्थों की तस्करी आदि की घटना की रोकथाम के लिए 27 जून को थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू, ओपी चिखली प्रभारी निरीक्षक उमेश बघेल, ओपी सुरगी प्रभारी निरीक्षक संकरगिरी गोस्वामी, ओपी तुमड़ीबोड़ प्रभारी दिलीप पटेल, ओपी सुकुलदैहान प्रभारी मनीष ध्रुव सहित लगभग 150 से अधिक पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत अटल आवास लखोली के आवासीय परिसर में जाकर वहां स्थित 125 से अधिक घरों को चेक किया गया एवं उनमें रहने वाले लोगों की भी तलाशी ली गई।

## सार समाचार

### ग्राम सांकरा में धूमधाम से निकली प्रभु जगन्नाथ जी की यात्रा

**धरसीवां/विजय मत** । ग्राम सांकरा में भगवान प्रभु जगन्नाथ जी की रथ यात्रा श्री राम जानकी मंदिर आजाद चौक से भगवान की पूजा अर्चना कर बाजे गाजे के साथ निकाला गया । ग्राम सांकरा में रथयात्रा का प्रारंभ 1995 के आस पास टिकेंद्र उपाध्याय ने बैल गाड़ी से निकाल कर किया था जिसमें गांव के लोग कीर्तन करते हुए रथ यात्रा के साथ साथ चलते थे । यह रथयात्रा को टिकेंद्र उपाध्याय ने अनवरत रखा है।समय के साथ साथ सब बदलता गया और अब तो भव्य रूप ले लिया है । भव्य मंदिर के साथ साथ आतिश बाजी और बाजे गाजे के साथ रथयात्रा निकाला गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर भगवान जगन्नाथ जी का आशीर्वाद लिया ।रथयात्रा की सजावट आशीष उपाध्याय, सूर्या साहू,एवं ग्राम सांकरा मित्र मंडली द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धरसीवां के जनपद अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला दिगेंद्र सेन, एवं विशेष अतिथि के रूप में ग्राम सांकरा के सरपंच रघुनाथ साहू , योगेश साहू , डा सुरेंद्र वर्मा , राजेंद्र पांडेय,नोहर वर्मा, युगल किशोर वर्मा ,प्राची विनीत उपाध्याय, के साथ साथ ग्राम के युवा साथीगण हिमांशु ,तोरण,डोमन,सतीश, विवेक, मांसू,डालेंद्र, योगेश,केशव,बसंत,आयुष , भुनेश्वर, रवि, प्रमोद, तारकेश्वर, दीपक,भूषण का विशेष योगदान रहा।

### बड़े बचेली में स्कूली बच्चों को नालसा योजनाओं के तहत विधिक जागरूकता

**बचेली/ विजय मत।** माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दंतेवाड़ा के निर्देशानुसार, दिनांक 28 जून 2025, शनिवार को प्राथमिक शाला लेबर हार्टमेंट, बड़े बचेली में स्कूली बच्चों को नालसा आशा योजना, नालसा जागृति योजना, और नालसा संवाद योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों को गुड टच-बैड टच, बाल विवाह, घरेलू हिंसा जैसे अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, ऐसी घटनाओं की स्थिति में अपने परिजनों को सूचित करने और कानूनी सहायता के लिए नजदीकी पुलिस थाने से संपर्क करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में थाना बचेली से पी.एल.व्ही. रीता चौहान, रंजीता यादव, और नंदकिशोर नाग उपस्थित।

### मां के नाम एक पेड़ वृक्षारोपण किया गया-सरपंच मंजू लता पारस साहू ने

**बालोद/विजय मत।** जिला मुख्यालय से 3 किलोमीटर दूर ग्राम ग्राम मेंड़की के प्राथमिक शाला में साला उत्सव मनाया गया उक्त अवसर पर ग्राम पंचायत ओरमा के सरपंच मंजूलता परस साहू एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष नीतू साहू ,एवं सदस्य गण व पंच संतोष साहू, चंचल साहू, विश्वाकांत भारद्वाज शिक्षक शिक्षिकाएं एवं स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया साथ में सरपंच के हाथों से स्कूली बच्चों को कॉपी पेन एवं बुक वितरण कर मुंह मीठा कराया तभी साला विकास समिति ने सरपंच को स्कूल की समस्या के बारे में अवगत कराया सरपंच ने हर संभव प्राथमिक शाला स्कूल के विकास करने का भरोसा दिलाया। आज के कार्यक्रम में उपस्थित शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नीतू साहू,तारकेश्वर श्रीवास्तव,सुरेश साहू,कामेश्वरि साहू,सुरेखा बाई ,साधना साहू,बिमला साहू,लखेश्वरी साहू,प्रधान पाठक लोकेंद्र कुमार यादव,शिक्षिका सोमा श्रीवास्तव।

### कन्हारपुरी में चोरी, तीन सपड़ाए

**राजनांदगांव/ विजय मत।** कन्हारपुरी स्थित किराना दुकान से किराना सामान सहित नगदी २० हजार रूपए की चोरी करने वाले तीन लडकों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी कन्हारपुरी के ही रहने वाले हैं, जिन्हें आज जेल दाखिल किया गया। पुलिस के अनुसार प्रार्थी जितेन्द्र भानुशाली पिता स्व. शंकर लाल भानुशाली उम्र 43 वर्ष निवासी अरबन कॉलोनी मां पाताल भैरवी मंदिर के पीछे द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 25 जून की रात डेढ़ बजे उसकी कन्हारपुरी स्थित दिनेश किराना स्टोर्स का ताला तोडकर अज्ञात चोरों के द्वारा दुकान से किराना सामान गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, धनिया, हल्दी, मिर्ची पावडर पैकेट कीमती 15,000 रुपए एवं गल्ला में रखे नगदी रकम 20,000 रुपए की चोरी कर ली गई है। मुखबीरों से प्राप्त सूचना एवं सीसीटीव्ही फुटेज में मिले क्लू के आधार पर आरोपी भूपेन्द्र साहू उर्फ दादू पिता पुरुषोत्तम साहू उम्र 20 वर्ष, रोहित सूर्यवंशी उर्फ पिंटू पिता कौशल सूर्यवंशी उम्र 19 वर्ष, गणेश साहू पिता स्व. रूमलाल साहू उम्र 31 वर्ष सभी निवासी कन्हारपुरी वार्ड नंबर 34 थाना सिटी कोतवाली राजनांदगांव को पकड़ा गया।

### कलेक्टर ने ली डौण्डी में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

# शासकीय योजनाओं एवं जनता के समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के दिए निर्देश



**विजय मत, बालोद**

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जनपद पंचायत डौण्डी के सभाकक्ष में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को शासकीय योजनाओं का निर्धारित समयावधि में क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा आम जनता के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, एसडीएम सुरेश साहू, तहसीलदार देवेन्द्र नेताम, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में श्रीमती मिश्रा ने राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, वन, कृषि एवं अन्य विभागों के अलावा स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा आदि कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा की। राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए तहसीलदार देवेन्द्र नेताम से डौण्डी तहसील के अंतर्गत पटवारी हल्का एवं राजस्व निरीक्षक सर्कल तथा राजस्व प्रकरणों के निराकरण के स्थिति की संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदन पत्रों तथा उनके निराकरण हेतु की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने अतिक्रमण के संबंध में की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी लेते हुए तहसीलदार एवं नगर पालिका के अधिकारियों को समन्वय बनाकर दल्लीराजहरा रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने स्वामीत्व योजना के अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों के निराकरण की स्थिति के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ शेष सभी प्रकरणों को निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने स्कूली बच्चों के जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र बनाने हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में बच्चों को जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र बनाने में किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके लिए उन्होंने राजस्व एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाकर इस कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने किसान पंजीयन के कार्य की जानकारी लेते हुए इस कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण हेतु पूर्ण, अपूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुए शेष सभी कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने वृक्षारोपण किया

**विजय मत, बालोद**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वाधान में दिनांक 28 जून 2025 दिन शनिवार को ग्राम बरही में एक पेड़ मां के नाम थीम पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया था।

जिसमें विशेष रूप से उपस्थित जिला पंचायत उपाध्यक्ष व रेडक्रास सोसायटी के चेयरमेन तोमन साहू जी,आदिमजाति सेवा सहसमिति के अध्यक्ष भावेश उइके जी, सरपंच कोमिन सिन्हा जी, ग्रामीण अध्यक्ष माखन लाल साहू, समिति प्रबंधक लालू राम साहू,बिसुन लाल ठाकुर, देवकुमारी साहू, नारायण साहू, ईश्वरलाल साहू, ब्रह्माकुमारीज संचालिका बी.के. विजयलक्ष्मी दीदी जी, सरिता दीदी जी उपस्थित रहे। जिनके द्वारा 205 नग वृक्षों का रोपण किया गया। तथा मंच संचालन भोपसिंह साहू जी ने किया। बी.के. विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि , जंगल, जानवर, जमीन,



जनता इन सभी के समूह मिलकर बनता है पर्यावरण। वर्तमान समय में प्रदूषण इतना विकराल रूप ले चुका है कि हरेक को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझने की जरूरत है। आजकल प्लास्टिक बहुत बड़ी समस्या बन चुका है। इससे प्रकृति का दम घुट रहा है। प्रकृति ने हमें सब कुछ दिया है लेकिन जब हम लोभ वश उसका अत्यधिक दोहन करने लगते है तब समस्या शुरू होती है। इसलिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उनका संवर्धन करें। बी.के. सरिता दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जल जन अभियान के तहत उन्होंने कहा कि जल है तो हमारा भविष्य है। जल प्रकृति द्वारा मनुष्य को दी गई महत्वपूर्ण सम्पत्तियों में से एक है। बिना जल के जीवन की कल्पना संभव नहीं है। जल की कमी धीरे-धीरे बढ़कर एक गम्भीर समस्या का रूप लेती जा रही है। जन संख्या विस्फोट, बढ़ता प्रदूषण अंधाधुंध औद्योगीकरण, निरंतर गिरता भू जल का स्तर वृक्षो का कटाव तथा पानी की बबार्दी आज सबसे बड़ी समस्यायें है।

तोमन साहू ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम हरेक को अवश्य लगाना है।

# खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में बढ़ा सौर ऊर्जा का उपयोग

### केंद्र व राज्य सरकार से मिल रही दोहरी सब्सिडी

**विजय मत, खैरागढ़**

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ने जिले के अनेक परिवारों की आर्थिक स्थिति और ऊर्जा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव लाया है। भारत सरकार की इस महत्वाकांक्षी पहल का उद्देश्य सौर ऊर्जा को घर-घर पहुंचाकर आमजन को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। योजना के अंतर्गत छत पर सोलर प्लांट स्थापित करने पर केंद्र सरकार द्वारा 30 हजार से लेकर 78 हजार रुपए तक की सब्सिडी दी जा रही है। अब छत्तीसगढ़ शासन ने भी 30 हजार रुपए की अतिरिक्त सब्सिडी की घोषणा की है, जिससे यह योजना और अधिक प्रभावी हो गई है। गंजीपारा निवासी शिवादित्य सिंह ने अपने घर की छत पर 5 किलोवाट का सोलर संयंत्र लगाया है।



उन्होंने बताया कि योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी के कारण उन्हें संयंत्र की लागत काफी किफायती पड़ी है और अब उनका बिजली खर्च लगभग समाप्त हो गया है। वे इसे आम जनता के लिए वरदान मानते हैं। खैरागढ़ नगर के अमलीपारा वार्ड निवासी श्री नीलांबर सिंह ने 4 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट स्थापित कराया है। उन्होंने कहा कि यह तकनीक उन्हें न केवल आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि पर्यावरण के संरक्षण में भी मददगार साबित हो रही है। वहीं नगर के श्री मनीष अग्रवाल ने भी अपने मकान की छत पर 5 किलोवाट का सौर प्लांट लगाया है। उन्होंने बताया कि उन्हें बिजली की गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ बिल में भी उल्लेखनीय कमी देखने को मिल रही है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता अशोक कुमार द्विवेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत एक, दो और तीन किलोवाट की श्रेणियों में क्रमशः 30 हजार, 60 हजार और 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी दी जाती है।

# लूट के आरोपी को गरियाबंद पुलिस ने किया गिरफ्तार

**विजय मत, गरयिबंद**

प्रार्थी युवराज गढ़िया साकिन कोचवाय थाना व जिला गरियाबंद थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 26.06.25 को वह अपने साथी के साथ मोटर सायकल में बर्थडे पार्टी मे गरियाबंद गया हुआ था `रात करीब 09.30 बजे बर्थडे पार्टी खत्म होने के बाद प्रार्थी अपने अन्य दो दोस्त के साथ वापस आते समय केशोडार तंवरबाहरा के आगे चटटान के पास बाथरूम करने के लिये रूके थे` उसी दौरान कोकडी तरफ से



स्कूटी मे सवार होकर दो लोग आये और उनके पास आकर अपने पास रखे चाकू जैसा हथियार को गले में लगाकर गंदी गंदी गाली गलौज करते हुए तुम लोग के पास जो भी सामान है तुरंत दे दो, ऐसा बोलकर धमकी देने लगे।

# नानी बनीं चार कमार बच्चों की उम्मीद की रोशनी, पत्नी की हत्या, पिता जेल में

**विजय मत, गरयिबंद**

जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बारुका के कमार पारा में रहने वाली विशेष पिछड़ी जनजाति की एक बच्ची की कहानी आज पूरे समाज के लिए सोचने पर मजबूर कर रही है। आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली करीना कमार के जीवन में बचपन से ही संघर्ष है – मां की हत्या हो चुकी है और पिता हत्या के आरोप में जेल में हैं। चार भाई-बहनों के साथ बेसहारा हुई करीना को जीवन का सहारा मिला अपनी नानी फगनी बाई कमार के रूप में।

फगनी बाई न केवल इन बच्चों की देखरेख कर रही हैं, बल्कि अपनी बुजुर्ग अवस्था और अत्यधिक गरीबी



के बावजूद उन्हें स्कूल भेजती हैं और उनका पालन-पोषण कर रही हैं। उनका खुद का घर भी अभी कच्चा और झोपड़ीनुमा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मंजूर घर अभी निमार्णाधीन है, जो बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया है।

तब तक उन्हें इसी एक कमरे की झोपड़ी में ही गुजारा करना होगा। फगनी बाई कहती हैं, ₹शायद भगवान ने मेरे बुढ़ापे में यही लिखा था, जो मुझे निभाना है। जब तक जान है, मैं इन बच्चों के लिए जिम्मेदारी निभाती रहूंगी।₹ उनके इस साहस और ममता को देखकर गांव के लोग उन्हें फरिश्ता कहते हैं। ***प्रशासनिक सहायता की जरूरत:*** ऐसी परिस्थिति में यह जरूरी हो जाता है कि प्रशासन इन बच्चों को चिन्हांकित कर विशेष सहायता और मार्गदर्शन दे। सरकार द्वारा कमार जनजाति जैसे विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन जानकारी और शिक्षा के अभाव में ये योजनाएं इन जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पातीं।

संघर्ष के बीच उम्मीद की किरण

फगनी बाई का यह त्याग और समर्पण बताता है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, अगर इरादा मजबूत हो तो हर टूटे हुए परिवार को भी नया रास्ता दिया जा सकता है।


### खाद की किल्लत और कालाबाजारी पर भड़के किसान

# खाद-बीज की किल्लत पर गरजे किसान और कांग्रेस, पूर्व मंत्री भगत के नेतृत्व में प्रदर्शन

**विजय मत, सीतापुर**

जिले में सहकारी समितियों में खाद और बीज की भारी कमी को लेकर किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के नेतृत्व में किसानों और कांग्रेस कार्यकताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा सरकार को किसान विरोधी बताते हुए जमकर नारेबाजी की और भुषु प्रतापगढ़ सहकारी समिति का घेराव किया।

कांग्रेस नेताओं और किसानों ने आरोप लगाया कि सहकारी समितियों में समय पर खाद नहीं मिल रही है, जिससे किसान मजबूरी में निजी दुकानों से कई गुना ज्यादा दामों पर खाद खरीदने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार खाद की आपूर्ति में



नाकाम रही है, जिससे किसानों की लागत बढ़ रही है और वे आर्थिक रूप से टूट रहे हैं। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने कहा, मानसून की बुवाई का वक्त है और किसानों के पास खाद नहीं है। सरकार किसानों को नकली खाद देकर उनकी उपज और भविष्य दोनों बर्बाद करना चाहती है। उन्होंने खाद की कालाबाजारी और नकली खाद की आपूर्ति का भी आरोप लगाया।

***सरकार को चेतावनी: नहीं सुधरे हालात तो होगा उग्र आंदोलन***

प्रदर्शन के दौरान कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें खाद और बीज की तत्काल उपलब्धता की मांग की गई। भगत ने साफ कहा कि अगर जल्द ही समितियों में खाद नहीं पहुंची, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी। इस विरोध प्रदर्शन में कई कांग्रेस पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे, जिनमें ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तिलक बेहरा, विधानसभा प्रभारी डॉ. लालचंद यादव, सेवादल अध्यक्ष अरुण गुप्ता, बदरुद्दीन इराकी, संदीप गुप्ता, नरेश फौजी, संतोष गुप्ता, श्यामबिहारी गुप्ता, चिंटू गुप्ता, गजेंद्र प्रधान, सिल्युस खलखो, नरेश बघेल, और शंभु गुप्ता शामिल थे।

# सड़क खोद कर बनाए खेत को प्रशासन ने मौके पर पहुंच कराया सुधार

**विजय मत, खैरागढ़**

ब्लाक के ग्राम सिघौरी में सड़क के दी जमीन का मुआवजा नहीं मिलने के बाद उसे खोद कर खेत बनाने की शिकायत पर प्रशासन ने कार्यवाही की है।

खेत बनाई सड़क से मिटटी हटाकर कर प्रशासनिक अधिकारियो ने सड़क से आवाजाही शुरू कराई। घोटवानी से जोड़ने वाले मुख्य मार्ग को मौके पर राजस्व अमले, जालबांधा पुलिस के साथ पहुंचे तहसीलदार ने जेसीबी की मदद से खेत में तब्दील किए गए हिस्से को पुनः समतल कर यातायात बहाल कराया। उक्त सड़क में आई जमीन



का मुआवजा नही मिलने से नाराज किसान आनंद राम वर्मा ने जोतकर खेत बना दिया गया था। उक्त सड़क इलाके के 20 से ज्यादा गांवो के ग्रामीणो के आवाजाही का मुख्य मार्ग है। रास्ता अवरूद्ध होने के चलते ग्रामीणों को 8 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत करते आंदोलन की चेतावनी दी थी।

# भानपुरी में शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए वन मंत्री केदार कश्यप

**विजय मत, रायपुर**

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप बस्तर विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानपुरी में शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ह्यशिक्षा जीवन की नींव हैह्य। शिक्षा ही व्यक्ति के जीवन को सशक्त और समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझने और उसे अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं और समाज के विकास में योगदान दे सकते हैं। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि नव प्रवेशी विद्यार्थियों को




बधाई व शुभकामनाएं दीं और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

वन मंत्री ने कहा कि शिक्षा के महत्व को समझना और उसे अपने जीवन में लागू करना अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा न केवल व्यक्तिगत विकास में मदद करती है, बल्कि समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से तिलक व चंदन लगाकर स्वागत किया गया और उन्हें पुस्तकें, गणवेश और स्कूल बैग प्रदान किए गए। बच्चों और अभिभावकों के चेहरों पर उत्साह और प्रसन्नता स्पष्ट रूप से झलक रही थी।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप और जनपद अध्यक्ष संतोष बघेल ने भी नव प्रवेशी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज की सच्ची ताकत है और विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी ऋषिकेश तिवारी, खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती देवांगन, शिक्षकगण, शिक्षिकाएं, पालकगण, ग्रामीणजन और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# निगम ने जोन 8 क्षेत्र में हीरापुर 60 एकड़ मे हो रही अवैध प्लॉटिंग में अभियान चलाकर तत्काल कारगर रोक लगायी

## अवैध प्लाटिंगकर्त्ता डेवलपर के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने नामजद एफआईआर दर्ज करवाने कार्यवाही

**विजय मत, रायपुर**

रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त विश्वदीप के निर्देशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल और कार्यपालन अभियंता श्री अभिषेक गुप्ता सहित रायपुर नगर निगम जोन 8 के नगर निवेश विभाग के अन्य सम्बंधित निगम अधिकारियों की उपस्थिति में नगर निगम जोन 8 क्षेत्र अंतर्गत वीर सावरकर नगर वार्ड क्रमांक 1 हीरापुर जरवाय क्षेत्र अंतर्गत वाशु लॉजिस्टिक पार्क मेसर्स सी के डेवलपर्स प्रो स्वप्निल अग्रवाल पिता श्री चंद्र कुमार अग्रवाल द्वारा बिना कॉलोनी विकास



अनुज्ञा लिए तथा बिना नगर पालिक निगम रायपुर से कॉलोनी विकास अनुमति के लगभग 60 एकड़ भूमि में खसरा नंबर 2/24-39-45-46-66-74, 4/3, 5/2, 6/4, 7/4, 10/2-3-4, 12/1-3, 15/6-11, 16/2 पर अवैध प्लाटिंग की गयी थी, जिसे रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 8 की नगर निवेश विभाग की टीम ने जेसीबी ,पोकलेन मशीन की सहायता से स्थल पर किये गए अवैध सी सी रोड को तोड़ने की कार्यवाही की गयी एवं अवैध मुरूम रोड को काटा एवं एवं बिना अनुमति के निर्मित 10 बॉउंड्रीवाल सहित अवैध प्लॉटिंग कर बना रहे अवैध भवनो को हटाने की कार्यवाही की गयी गया। अवैध प्लॉटिंग करने वाले के विरुद्ध प्रक्रिया के अंतर्गत नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्यवाही करने सम्बंधित क्षेत्र के पुलिस थाना में नामजद एफआईआर दर्ज करने हेतु निर्देशानुसार पत्र लिखा गया है।

# आर्टिफिसियल इन्टेलिजेंस और डिजिटल लोक प्रशासन प्रभावित परिवेश में प्रशासनिक नेतृत्व विषय पर परिचर्चा आयोजित

**भारतीय लोक प्रशासन संस्थान छत्तीसगढ़ शाखा, रायपुर द्वारा न्यू सर्किट हाउस, सिविल लाईन्स रायपुर में आयोजित हुआ परिचर्चा**

**विजय मत, रायपुर**

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान छत्तीसगढ़ शाखा के द्वारा यहाँ सिविल लाइन स्थित न्यू सर्किट हाउस में सुयोग्य मिश्रा, पूर्व मुख्य सचिव की अध्यक्षता में भारतीय प्रशासनिक सेवा अन्य अखिल भारतीय सेवा के सेवानिवृत्त व अन्य वरिष्ठ सदस्यों की एक बैठक तथा राज्य में स्थित एमिटि विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ० पियूष कान्त पाण्डेय का व्याख्यान व परिचर्चा आयोजित किया गया। सर्वप्रथम सुयोग्य मिश्रा ने पुष्पगुच्छ से मुख्य वक्ता का स्वागत किया।

डॉ० पियूष ने वर्तमान परिवेश में देश में आर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस की तकनीकि के उपयोग को राज्य के



प्रशासनिक नेतृत्व हेतु अपरिहार्य बताया और कहा कि इसके उपयोग में यह ध्यान रखा जाना आवश्यक होगा कि मानवीय संवेदनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना इस संसाधन का समन्वित उपयोग किया जाना संभव नहीं होगा। विज्ञान की यह तकनीक एक अवसर व एक चुनौती समाज के सम्मुख लेकर आयी है। जहाँ एक ओर यह तकनीक शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सेक्टर के विकास संबंधित प्रशासनिक अड़चनों के सटीक व सामयिक समाधान के अवसर को प्रभावी सरल व मितव्ययी बना सकती है वही यह व्यक्तिगत जानकारियों संवेदनशील ऑकड़ो की सुरक्षा व सदुपयोग इस तकनीक तक सामान्य जनों की आसान पहुँच सुनिश्चित किये जाने, इसे समावेशी बनाये जाने जैसी चुनौतियों भी प्रस्तुत करती है। उल्लेखित व्याख्यान में वक्ता, प्रतिभागियों में चर्चा को जीवंत बनाते हुये बहुत से मानवोपयोगी प्रश्नों पर वस्तु स्थिति को और स्पष्ट कर सकने में सफल हो सके और इस विवादित तकनीक को मानवोपयोगी निरुपित करने के संबंध में सफल रहे। परंतु इस तकनीक की चुनौतियों के प्रति सबको जागरुक करने तथा मेधा व सावधानी से तकनीकि को उपयोग करने पर ही इसके नियंत्रित व सफल उपयोग संभव होने के तथ्य से भी उन्होंने प्रतिभागियों को अवगत कराया। यह भी बात सामने आयी कि नीति निमार्ताओं, नेतृत्व कताओं के द्वारा इस तकनीकि संबंधित नवाचार, अन्वेषण व अनुसंधान को ठोस आधार व पर्याप्त गति दिये बिना तकनीकि का अपेक्षित व पूर्ण सामयिक लाभ प्राप्त नहीं हो सकेगा।

# बिलासपुर में 100 करोड़ की लागत से बनेगी आधुनिक एजुकेशन सिटी

**विजय मत, रायपुर**

मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और छात्रों के सर्वांगीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में बिलासपुर शहर को एक आधुनिक एजुकेशनल हब के रूप में विकसित करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के दिशानिर्देश पर बिलासपुर में एजुकेशनल सिटी की अवधारणा विकसित की गई है। इस परियोजना के लिए बिलासपुर नगर पालिक निगम की लगभग 13 एकड़ भूमि का उपयोग प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिलासपुर एजुकेशनल सिटी में नालंदा परिसर की स्थापना की जाएगी, जहां 500 छात्र-छात्राएं एक साथ बैठकर फिजिकल एवं डिजिटल लाइब्रेरी का लाभ ले सकेंगे। इसके साथ ही तीन बहुमंजिला इमारतों का निर्माण किया जाएगा, जिनमें कुल 48 हॉल सेटअप ( 1 सेटअप में 1 हॉल, 2 कक्ष और 1 टॉयलेट) तैयार किए जाएंगे। इस व्यवस्था में एक साथ 4,800 विद्यार्थियों के कोचिंग क्लास अटेंड करने की सुविधा रहेगी। छात्रों के शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व विकास के लिए 700 सीटों वाले आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण भी किया जाएगा। वहीं, बाहर से आने वाले लगभग 1000 विद्यार्थियों के लिए हॉस्टल फैसिलिटी भी निर्मित की जाएगी। खेलकूद और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए एजुकेशनल सिटी में एस्ट्रोटर्फ खेल मैदान तथा सुंदर गार्डन भी विकसित किए जाएंगे। साथ ही, वाहनों के लिए मल्टी लेवल पार्किंग की व्यवस्था होगी ताकि आने-जाने में कोई असुविधा न हो।



## डिप्टी सीएम शर्मा ने पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर में किया जलाभिषेक

**विजय मत, कवर्धा**

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को कवर्धा स्थित ऐतिहासिक एवं आस्था का केंद्र पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर में पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और मंत्रोच्चारण के साथ महादेव की आरती में सम्मिलित होकर प्रदेश एवं जिले के नागरिकों के लिए सुख, समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

## बीजापुर में 13 हार्डकोर नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**रायपुर।** बीजापुर जिले में नक्सलवाद के खिलाफ चल रही व्यापक मुहिम को बड़ी सफलता मिली। जिले में सक्रिय 23 लाख रुपए के इनामी 13 कुख्यात हार्डकोर नक्सलियों ने शुक्रवार को सुरक्षाबलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का संकल्प लिया। इन आत्मसमर्पित नक्सलियों में से दस पर ?1 लाख से 8 लाख तक के इनाम घोषित थे। मुख्यमंत्री साय ने ट्वीट किया कि यह महत्वपूर्ण आत्मसमर्पण राज्य सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति - 2025 और नियद नेल्ला नार योजना की प्रभावशीलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

## पीएम आवास योजना में लापरवाही: रोजगार सहायक बर्खास्त

**रायपुर।** कदाचरण और कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध बलौदाबाजार जिला प्रशासन द्वारा कठोर करवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियो से जिओ टैगिंग व मस्ट? रोल प्रस्तुत करने के एवज में राशि लेने की शिकायत जांच में पुष्टि होने पर रोजगार सहायक को बर्खास्त कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलारी (क) में पदस्थ ग्राम रोजगार सहायक गौरीशंकर पैकरा के विरुद्ध प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से जिओ टैगिंग व मस्ट? रोल प्रस्तुत करने के एवज में राशि लेने एवं अभद्र व्यवहार करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कसडोल द्वारा शिकायत जांच कराई गई। जांच में रोजगार सहायक गौरीशंकर पैकरा के विरुद्ध शिकायत सही पाए जाने तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के अनुमोदन उपरांत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कसडोल द्वारा ग्राम पंचायत बिलारी (क ) के रोजगार सहायक गौरीशंकर पैकरा को संविदा पद से पृथक कर दिया गया है।

# निजी स्कूलों में प्राइवेट पब्लिशर्स की किताबों पर बैन, डीईओ ने जारी किए निर्देश




**विजय मत, रायपुर**

रायपुर जिले के सभी निजी स्कूल अब छात्रों को प्राइवेट पब्लिशर्स की किताबें नहीं पढ़ा सकेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी (ऊ१ड) ने इस संबंध में महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए निजी प्रकाशकों की पुस्तकों पर प्रतिबंध लगा दिया है। आदेश के मुताबिक, अब केवल रउएफळ और ठउएफळ की किताबों से ही पठन-पाठन कराया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

स्कूलों को शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में नोडल प्राचार्य के माध्यम से ऊ१ड कार्यालय में प्रमाण-पत्र जमा करना होगा, जिसमें यह पुष्टि हो कि वे सभी नियमों का पालन कर रहे हैं।

***निजी स्कूल संघ ने जताई आपत्ति:*** त्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने इस आदेश पर आपत्ति जताई है। अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने जिला शिक्षा कार्यालय को पत्र लिखकर कहा कि निजी प्रकाशकों की किताबों के उपयोग को लेकर उच्च न्यायालय पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि यदि कोई अशासकीय विद्यालय वैकल्पिक किताबों से बेहतर गुणवत्ता की शिक्षा दे रहा है, तो उस पर कार्रवाई नहीं की जा सकती। उन्होंने यह भी कहा कि अब तक रउएफळ की निःशुल्क किताबें स्कूलों को पूरी तरह उपलब्ध नहीं कराई गई हैं।

### क्या असर पड़ेगा?

इस आदेश से रायपुर जिले के सैकड़ों निजी स्कूलों की किताबें और व्यवस्थाएं बदलनी होंगी। जहां एक ओर यह कदम अभिभावकों पर आर्थिक बोझ घटाने और शिक्षा में एकरूपता लाने की मंशा से लिया गया है, वहीं दूसरी ओर इससे स्कूल प्रबंधन और शिक्षा विभाग के बीच टकराव की स्थिति भी बन सकती है।

### ये हैं आदेश की मुख्य बातें

- छत्तीसगढ़ बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों में सिर्फ छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित पाठ्यपुस्तकें लागू होंगी।
- स्कूल प्रबंधन पालकों को निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकते। जिस बोर्ड से मान्यता प्राप्त है,
- उसका नाम स्कूल के मुख्य द्वार पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।
- जूते, मोजे, टाई, बेल्ट जैसी सामग्री स्कूल परिसर में बेचना प्रतिबंधित किया गया है।
- पालकों को किसी विशेष दुकान से सामान खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।
- स्कूल बस सेवा ना लाभ, ना हानि के सिद्धांत पर संचालित होनी चाहिए।

## पीसीसी अध्यक्ष तमनार क्षेत्र में पुलिस बर्बरता के शिकार हुए घायल आदिवासियों से मिले

# तमनार क्षेत्र में जंगलों की कटाई तत्काल रोके राज्य सरकार - दीपक बैज

**विजय मत, रायपुर**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज रायगढ़ के तमनार पहुंच कर पुलिस बर्बरता के शिकार घायल आदिवासियों से मुलाकात किया। आदिवासी वर्ग और आम जनता यहां जंगलों की कटाई का विरोध कर रहे। सरकार उनको जबरिया गिरफ्तार कर रही।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार अपने मित्र अडानी को फायदा पहुंचाने के लिए बंदूक की नोक पर जंगलों की कटाई करवा रही है और कटाई का विरोध कर रहे आदिवासियों को प्रताड़ित कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जब प्रदेश अध्यक्ष थे तब वह जंगलों की कटाई के विरोध में आंदोलन कर रहे थे और आज मुख्यमंत्री है तब जंगल की कटाई का विरोध कर रहे लोगों को पुलिस से पिटवा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस



अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि ग्रामीण पेड़ कटाई का विरोध कर रहे, ग्राम सभा की मांग कर रहे, सरकार के इशारे पर हजारों पुलिस बल तैनात कर पेड़ कटाई करवाया जा रहा। विरोध कर रहे आदिवासियों का कहना है उनके ऊपर अत्याचार किया जा रहा। यह सरकार आदिवासियों के अधिकारों को दबा कर एक निजी उद्योगपति अडानी को कोल माइंस सौपना चाहती है। आदिवासी मुख्यमंत्री के राज में आदिवासियों का खून बहाया जा रहा। सरकार आदिवासियों की हत्या करना चाहती है। आदिवासियों को दबा कर कोयला उत्खनन करना चाह रही है। यह सरकार आदिवासी विरोधी है। सरकार मॉ के नाम पेड़ लगाओ का नारा देती और बाप के नाम हजारो पेड़ कटवा रही है। मुख्यमंत्री जवाब दे आदिवासियों का जल-जंगल-जमीन किसको सौंपना चाहते है। सरकार किसके इशारे में काम कर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही हसदेव की जंगलों की कटाई की अनुमति दे दिया गया था अब तमनार में भी वही हो रहा। मुख्यमंत्री, अडानी के दबाव में काम कर रहे हैं और आदिवासी समाज के भावनाओं को कुचल रहे हैं। जंगल आदिवासियों के लिए पूजनीय है। भाजपा की सरकार जल, जंगल और जमीन पर कब्जा करने के लिए तानाशाही पर उतर आई है।

## फॉरेस्ट टू फामेर्सी : छत्तीसगढ़ में 36.47 करोड़ की आयुर्वेदिक इकाई का शुभारंभ

# वनों से समृद्धि की ओर : छत्तीसगढ़ में आधुनिक आयुर्वेदिक प्रसंस्करण इकाई का लोकार्पण 29 जून को

### 'वोकल फॉर लोकल को साकार करती छत्तीसगढ़ की आयुर्वेदिक प्रसंस्करण परियोजना

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित द्वारा निर्मित अत्याधुनिक आयुर्वेदिक औषधि प्रसंस्करण इकाई का लोकार्पण 29 जून को ग्राम जामगांव (एम), जिला दुर्ग में किया जाएगा। लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप करेंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, सांसद दुर्ग श्री विजय बघेल, स्थानीय विधायकगण, राज्य वनोषधि बोर्ड के अध्यक्ष श्री विकास मरकाम और वन विकास निगम के अध्यक्ष श्री रामसेवक पैकरा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में श्री श्री 1008 डॉक्टर स्वामी कैलाशनंद गिरी जी महाराज महा मण्डलेश्वर, हरिद्वार



उत्तराखण्ड विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

आयुर्वेदिक प्रसंस्करण इकाई छत्तीसगढ़ की समृद्ध वन संपदा को विज्ञान और आधुनिक तकनीक से जोड़कर फॉरेस्ट टू फामेर्सी मॉडल को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। 27.87 एकड़ क्षेत्र में रू. 36.47 करोड़ की लागत से निर्मित आयुर्वेदिक प्रसंस्करण इकाई से प्रतिवर्ष लगभग रु. 50 करोड़ मूल्य के उत्पाद तैयार किए जाने का अनुमान है। यह इकाई प्रदेश में वनों में पाई जाने वाली औषधीय और लघु वनोपज जैसे महुआ, साल बीज, कालमेघ, गिलोय, अश्वगंधा आदि का संगठित एवं वैज्ञानिक प्रसंस्करण कर चूर्ण, सिरप, तेल, टैबलेट एवं अवलेह जैसे गुणवत्तापूर्ण आयुर्वेदिक उत्पादों का निर्माण करेगी। यह इकाई छत्तीसगढ़ हर्बल्स ब्रांड के तहत प्रदेश के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहचान दिलाने का प्रमुख केंद्र भी बनेगी। परियोजना के अंतर्गत 1000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं की प्राथमिक प्रसंस्करण कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित होगी, जिससे उन्हें स्वरोजगार का अवसर मिलेगा। वहीं युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त होने से स्थानीय स्तर पर आजीविका के नए द्वार खुलेंगे।

आयुर्वेदिक प्रसंस्करण इकाई में आधुनिक वेयरहाउस की 20,000 मीट्रिक टन की संग्रहण क्षमता विकसित की गई है, जिससे सीजनल वनोपजों के दीर्घकालीन संरक्षण एवं गुणवत्ता नियंत्रण में सहायता मिलेगी। यह परियोजना प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के विजन को मूर्तरूप देती है। यह न केवल वन उत्पादों के स्थानीय मूल्य संवर्धन का उदाहरण प्रस्तुत करती है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन, आर्थिक विकास और सामाजिक समावेशिता को भी सशक्त बनाती है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित के नेतृत्व में प्रदेश एक नए हरित औद्योगिक युग की ओर अग्रसर हो रहा है, जिससे वनवासियों और ग्रामीणों के जीवन में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन सुनिश्चित हो रहा है।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# युद्ध को ईरान और इजराइल को नुकसान के लिए अमेरिका जिम्मेवार

यूरेनियम का 400 किलोग्राम भंडार - जो 10 परमाणु हथियार बनाने के लिए पर्याप्त है, संयुक्त राज्य अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अमेरिकी प्रसारक एबीसी न्यूज को बताया - पिछले सप्ताह वाशिंगटन द्वारा तीन ईरानी परमाणु सुविधाओं पर छह बंकर बस्टर गिराए जाने के बाद लापता हो गया है। गायब यूरेनियम - जिसे ईरान के लिए एक शक्तिशाली सौदेबाजी चिप के रूप में देखा जाता है, जब भी वह अमेरिका के साथ नए परमाणु समझौते पर बातचीत फिर से शुरू करने का विकल्प चुनता है - 60 प्रतिशत तक समृद्ध है। परमाणु हथियार के रूप में उपयोग किए जाने के लिए इसे लगभग 90 प्रतिशत तक समृद्ध किया जाना चाहिएऐसी रिपोर्टें हैं कि ईरान ने हमले से कुछ दिन पहले ही भंडार के साथ-साथ कुछ उपकरणों को गुप्त स्थान पर ले जाया होगा, यह दावा इईरान अगर परमाणु हथियार हासिल कर लेता है, तो यह मध्य पूर्व और आस-पास के क्षेत्रों के लिए व्यापक रूप से अस्थिरकारी होगा। पहली चिंता यह है कि ईरान के पास परमाणु हथियार होने से इजरायल के लिए एक बड़ा, शायद अस्तित्वगत खतरा पैदा हो जाएगा - एक ऐसी चिंता जिसने इजरायल को जून 2025 में ईरान के परमाणु और सैन्य प्रतिष्ठानों पर बड़े पैमाने पर हमला करने के लिए प्रेरित किया। अन्य विदेश नीति विशेषज्ञों का कहना है कि अगर ईरान इजरायल पर परमाणु हमला करता है, तो वह अपनी खुद की मौत सुनिश्चित कर लेगा, जो अमेरिका का करीबी रक्षा साझेदार है और जिसके पास खुद के परमाणु हथियार हैं, जो अघोषित हैं। विश्लेषकों का कहना है कि किसी भी तरह से, गलत अनुमान लगाने की खतरनाक संभावना होगी, जिसके परिणामस्वरूप परमाणु आदान-प्रदान हो सकता है। एक अतिरिक्त चिंता यह है कि ईरान के पास परमाणु हथियार होने से सऊदी अरब सहित अन्य क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी अपने स्वयं के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित हो सकते हैं।

नोट

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# बलिदान दिवस - डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी

**दुर्गादास उइके**

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि था इसलिए उन्होंने सत्ता का त्याग करके देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। वह एक देश में दो विधान दो प्रधान और दो निशान के विरुद्ध थे, इसलिए डॉक्टर मुखर्जी ने स्वतंत्र भारत का पहला राष्ट्रवादी आंदोलन खड़ा किया था। भारत के पुनर्निर्माण के उद्देश्य से डॉक्टर मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना की थी आज यदि हम जम्मू कश्मीर में बिना परमिट के जा सकते हैं और पश्चिम बंगाल भारत का अभिन्न अंग है तो इसके पीछे डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान है। राष्ट्रीय एकता अखंडता के पर्याय, महान शिक्षाविद, प्रखर राष्ट्रवादी, चिंतक, विचारक और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

> डॉ साहब ने कहा था - राष्ट्रीय एकता की धरातल पर ही सुनहरे भविष्य के नींव रखी जा सकती है।राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले भारतीय जन संघ के तत्कालीन अध्यक्ष एवं महान राष्ट्र नायक एवं राष्ट्रवादी राजनीति के पुरोधा पूज्य डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर शत-शत नमन वंदन करते हैं आपको हम सभी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के रूप में देश को एक ऐसा दूरदर्शी नेता मिला जिसने भारत की समस्याओं के मूल कारणों वह स्थाई समाधानों पर जोर दिया और उनके लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर केंद्रित जनसंघ और आज की भारतीय जनता पार्टी डॉक्टर मुखर्जी की ही दूरदर्शिता परिणाम है।

डॉ मुखर्जी ने शिक्षा और औद्योगिक क्षेत्र में सुधार के लिए भी बहुत अभिनव कार्य किए। वे शिक्षा की गुणवत्ता और शोध कार्यों के भी बहुत बड़े पक्षधर थे। कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने एवं देश के एकता और अखंडता के लिए उनका त्याग समर्पण और बलिदान हम देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। मानवता के उपासक,प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, महान शिक्षाविद,जनसंघ संस्थापक व हमारे पथ प्रदर्शक परम श्रद्धेय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था हम उन्नति करेंगे हम एक होंगे हम एक ऐसे देश में रहेंगे जिसका भाग्य केवल हमारे बच्चों के हाथ में होगा जहां एक स्वतंत्र और हिंदुस्तान का झंडा हमेशा शांति,प्रगति और आजादी की प्रतिष्ठा की घोषणा करेगा।



डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने एक बार कहा था जो भी कार्य आरंभ करें उसे गंभीरता से पूर्ण करें और तब तक संतुष्ट न हो जब तक अपना सर्वश्रेष्ठ ना दे दे। जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है यह नारा जो सच हुआ आज कश्मीर शांत और अखंड भारत का हिस्सा है धारा 370 अब कड़वा अतीत बन गई है और 35 से पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। हमारे पथ प्रदर्शक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने कहा था वही राष्ट्र वास्तव में महान है जिसके पास सैनिक शक्ति और ताकत है, किंतु वह राष्ट्र स्वार्थ हेतु उनका दुरुपयोग नहीं करता है। मित्रों उस काल में जम्मू कश्मीर की समस्या को पहचानने तथा इसके समूल निस्तारण के लिए पुरजोर आवाज उठाने वाले पूज्य डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ही थे। 1947 के बाद सत्ता में आई कांग्रेस के द्वारा देश पर थोपी जा रही अभारतीयता तथा आयातित पश्चिमी विचारधाराओं का तार्किक विरोध कर भारत,भारतीय तथा भारतीयता के शाश्वत विचारों के अनुरूप राजनीतिक विकास देश को देने वाले डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ही हमारे अग्रदूत, हमारे पथ प्रदर्शक थे। आज की भारतीय जनता पार्टी का परिदृश्य,स्वरूप,आधारशिला, आधार स्तंभ,प्रकाश पुंज डॉ मुखर्जी ही है। उन्होंने 1951 में भारतीय जन संघ की स्थापना की जो बाद में 1980 को भारतीय जनता पार्टी का आधार बना, उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू सरकार में उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में कार्य किया किंतु कांग्रेस की गलत नीतियों तुष्टीकरण से लेकर भारतीय संस्कृति के शाश्वत मूल्य के विरुद्ध कार्य करने वाली राष्ट्रीय विरोधी कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया था एवं संसद में एक मजबूत विपक्ष के रूप में कार्य किया तथा सरकार की गलत नीतियों पर सवाल उठाने तथा संसद में जनता की आवाज बनकर भारत का प्रतिनिधित्व एक सांसद के रूप में किया। अखिल भारतीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया, सांप्रदायिक सद्भाव और सामाजिक न्याय के लिए काम किया, बंगाल के विभाजन के बाद उन्होंने शरणार्थियों के पुनर्वास के लिए काम किया और उनके अधिकारों के रक्षा के लिए आवाज उठाई।

**डॉ मुखर्जी जी का जीवन वृत्त**-6 जुलाई 1901 को कोलकाता के अत्यंत प्रतिष्ठित परिवार में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का जन्म हुआ, उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे देश के प्रख्यात शिक्षाविद के रूप में प्रसिद्ध थे, डॉ मुखर्जी ने 1917 में मैट्रिक पास किया तथा 1921 में बीए की उपाधि प्राप्त की, 1923 में लॉ की उपाधि अर्जित की तथा वे विदेश चले गए और 1926 में इंग्लैंड से बैरिस्टर बन कर स्वदेश लौटे। अपने यशस्वी पिता का अनुसरण करते हुए उन्होंने भी अल्पायु में ही विद्या अध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलताएं अर्जित कर ली थी। 33 वर्ष की अल्पायु में ही वह कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति बने इस पद पर नियुक्ति पाने वाले वह सबसे कम उम्र के व्यक्ति थे। एक विचारक, चिंतक, शिक्षाविद,प्रख्यात वक्ता के रूप में उनकी ख्याति निरंतर देश में बढ़ती चली गई।

**राजनैतिक जीवन**-आदमी भाइयों बहनों डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने स्वेच्छा से राष्ट्रीय अलग जगाने के उद्देश्य से राजनीति में प्रवेश किया डॉ मुख़र्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांत वादी थे उन्होंने बहुत से गैर कांग्रेसी हिंदुओं की मदद से कृषक प्रजापति से मिलकर प्रगतिशील गठबंधन का निर्माण किया इस सरकार में वह वित्त मंत्री बने। इसी समय में सावरकर जी के राष्ट्रवाद के प्रति आकर्षित हुए और हिंदू महासभा में सम्मिलित हुए। मुस्लिम लीग की राजनीति से बंगाल का वातावरण दूषित हो रहा था। वहां सांप्रदायिक विभाजन की नौबत आ रही थी। सांप्रदायिक लोगों को ब्रिटिश सरकार प्रोत्साहित कर रही थी। ऐसी विषम परिस्थितियों में उन्होंने संकल्प लिया कि बंगाल के हिंदुओं की उपेक्षा ना हो, जनसंघ की स्थापना, उसे समय डॉक्टर मुखर्जी ने बंगाल और पंजाब के विभाजन की मांग उठाकर प्रस्तावित पाकिस्तान का विभाजन कराया और आधा बंगाल और आधा पंजाब खंडित भारत के लिए बचा लिया, गांधी जी और सरदार पटेल के अनुरोध पर वह भारत के पहले मंत्रिमंडल में शामिल हुए उन्हें उद्योग जैसे महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई। संविधान सभा और प्रांतीय संसद के सदस्य और केंद्रीय मंत्री के नाते उन्होंने शीघ्र ही अपना विशिष्ट स्थान बना लिया किंतु उनके राष्ट्रवादी चिंतन के चलते अन्य नेताओं से मध्य बराबर बने रहे, फ्लैट राष्ट्रीय हितों की प्रतिबद्धता को अपने सर्वोच्च प्राथमिकता मानने के कारण उन्होंने मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया उन्होंने एक नई पार्टी बनाई जो उसे समय विरोधी पक्ष के रूप में सबसे बड़ा दल था अक्टूबर 1951 में भारतीय जनसंघ का उद्भव हुआ।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

# एससीओ में रक्षामंत्री का चीन-पाक को कड़ा संदेश

**ललित गर्ग**

भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के पोर्टे सिटी किंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करते हुए संयुक्त घोषणापत्र में हस्ताक्षर करने से मना कर न केवल पाकिस्तान और चीन को नये भारत का कड़ा संदेश दिया, बल्कि दुनिया को भी जता दिया कि भारत आतंकवाद को पोषित एवं पल्लवित करने वाले देशों के खिलाफ अपनी लड़ाई निरन्तर जारी रखेगा। घोषणापत्र में बलोचिस्तान की चर्चा की गई थी किन्तु पहलगाम के क्रूर आतंकवादी हमले जिनमें धर्म पूछकर 26 लोगों को मारे जाने का कोई विवरण नहीं था। भारत की आतंकवाद को लेकर दोहरे मापदंड के विरुद्ध इस दृढ़ता एवं साहसिकता की चर्चा विश्वव्यापी हो रही है। भारत ने विश्व को आगाह कर दिया है कि अब आतंकवाद के मुद्दे पर दोहरे मापदंड नहीं चलेंगे। राजनाथ सिंह के अडिगता एवं असहमति के इस कदम से एससीओ के रक्षामंत्रियों का सम्मेलन बिना संयुक्त वक्तव्य जारी किये ही समाप्त हो गया, जो पाकिस्तान एवं चीन के मुंह पर करारा तमाचा है। ऐसा होना भारत की ही जीत है और चीन-पाकिस्तान के लिये शर्मसार होने की घटना है। विशेषतः इस घटनाक्रम से चीन की बदनीयत एक बार फिर से उजागर हो गई है। भारत विश्व स्तर पर इस कोशिश में लगा रहता है कि आतंकवाद का दबाव कम हो, दुनिया आतंकमुक्त बने, निर्दोष लोगों की क्रूर आतंकी हत्याओं पर विराम लगे, पर दुर्भाग्य से दुनिया में अनेक देश अपना राजनीतिक नफा-नुकसान देखकर ही इस पर अपना रुख तय करते हैं। वास्तव में एससीओ की बैठक में भी यही हुआ है। त्रासद विडंबना है कि एससीओ में शामिल देशों ने भारत में पडोसी देश पाक की आतंक घटनाओं पर विसंगतिपूर्ण एवं दुर्भाग्यपूर्ण रवैया अपनाया। वास्तव में, यह एक और प्रमाण है कि पाक पोषित आतंकवाद संबंधी भारतीय शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। इस बीच, अमरनाथ यात्रा से ठीक एक सप्ताह पहले गुरुवार को उधमपुर जिले में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ सोचने पर मजबूर करती है। पाक की आतंकी हरकतें रूक नहीं रही है, अमरनाथ यात्रा पहले ही आतंकियों के निशाने पर रही है और इस बार भी आतंकियों के निशाने पर है, विगत तीन दशक से तनाव की स्थिति में ही अमरनाथ यात्रा हो रही है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

# विभागों की मलाई पर तकरार-भ्रष्टाचार पर कैसे होगा वार?

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर आज सारी दुनियाँ कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार के दंश से अर्थव्यवस्था में कमजोरी महसूस कर रही है, क्योंकि यह भ्रष्टाचार रूपी काली कमाई भ्रष्टाचारियों द्वारा बेहद सस्पेंस वाली जगह पर छुपा कर रखा जाता है,जो अर्थव्यवस्था के सरकुलेशन में काम नहीं आती। मसलन 2000 के नोटों की लंबी राशि चलन में नहीं आ रही थी यानी मतलब साफ है भ्रष्टाचार्यों के पास लॉक हो गई थी,नतीजा नोटों की नोटबंदी ही पर्याय था। परंतु बहुत ताजुब की बात है एक ओर जहां सरकार भ्रष्टाचार जीरो टॉलरेंस करने कमर कसकर भिड़ी हुई है दूसरी ओर हमेशा देखा जाता है की राजनीति में सहयोगी पार्टी या पार्टी के अंदर ही पार्टी के कद्दावर नेताओं में मंत्रालय के विभागों की मलाई पर तकरार होती है, यानें सरकारी टेंडर में परसेंटेज के मामले होते हैं,इसीलिए ही 40 या 50 पेर्सेंट के आरोप प्रत्यारोप राजनीति में सभी बातें एक दूसरे के ऊपर लगाते रहते हैं अक्सर चुनाव जीते हुए व्यक्तियों से लेकर मंत्री व चपरासी से लेकर उच्च पदासीन अधिकारी इसमें शामिल होते हैं तो फिर भ्रष्टाचार की जीरो टॉलरेंस नीति का क्या अर्थ हुआ? जो रेखांकित करने वाली बात है, जिसका सटीक उदाहरण महाराष्ट्र के एक नेता पर गृहमंत्री होने के बावजूद 100 करोड़ प्रतिमाह का आरोप लगा था वो जेल भी गए थे। ऐसे अनेक आरोप राजनीतिज्ञों मंत्रियों पर लगते रहते हैं जो रेखा रेखांकित करने वाली बात है, जिससे क्लियर होता है कि भ्रष्टाचार ऊपर से लेकर नीचे की ओर चलता है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगेविभागों की मलाई पर तकरार, भ्रष्टाचार पर कैसे होगा पलटवार! तथा भ्रष्ट प्लस अचार एट द रेट ऑफ भ्रष्टाचार, लोक निर्माण सरकारी टेंडर गृह परिवहन मंत्रालयों को आखिर क्यों मलाई वाला विभाग कहा जाता है?

> साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार के अर्थ को समझने की करें तो, भ्रष्टाचार शब्द दो शब्दों की संधि से बना है - भ्रष्ट +आचार, जिनके निम्न अर्थ हैं- भ्रष्ट=दूषित,गंदा, अनैतिक गलत,आपराधिक,आचार=आचरण, व्यवहार,कार्यकलाप कार्य,तो सीधे शब्दों में कहें तो भ्रष्टाचार का तात्पर्य उस कार्य से है जो गलत हो, अनैतिक हो, आपराधिक हो या दूषित हो।हमारे राजनेताओं की कृपा से आजकल यह शब्द मुख्यतया राजनैतिक संदर्भ में प्रयोग होता है लेकिन सामान्यतया हर वह आचरण भ्रष्टाचार है जो कि किसी गलत उद्देश्य की प्राप्ति के लिए अनैतिक ढंग से और दुर्भावना से किया जाए।





केवल सरकारी कार्यों में घोटाले करना ही भ्रष्टाचार नहीं है, बल्कि अपने आदर्शों से समझौता करना और निजी लाभ के लिए किसी अन्य को पीड़ा पहुंचाना भी भ्रष्टाचार है।दूधवाले का दूध में पानी मिलाना भी भ्रष्टाचार है और शिक्षक का कक्षा में ना पढ़ाना भी भ्रष्टाचार है। अधिकारी का काम ना करना भी भ्रष्टाचार है और काम के बदले रिश्वत मांगना भी भ्रष्टाचार है। टैक्स चोरी करना भी भ्रष्टाचार है और यातायात के नियमों को ना मानना भी भ्रष्टाचार है।सीमित शब्दों में कहें तो भ्रष्टाचार केवल सरकारी योजनाओं में घोटाले करना ही नहीं है बल्कि निजी स्वार्थ सिद्धि हेतु किया गया हर गलत आचरण ही भ्रष्टाचार है।

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार से आर्थिक दुष्प्रभाव की करें तो,भ्रष्टाचार का आर्थिक विकास पर दुष्प्रभाव पड़ता है. मसलन, भ्रष्टाचार के चलते सड़क कमजोर बनायी जाती है, जिससे वह जल्दी टूट जाती है, इस फॉर्मूले के अनुसार भारत और चीन की विकास दर कम होनी चाहिए थी, क्योंकि ये देश ज्यादा भ्रष्ट हैं,परंतु वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है।भारत और चीन की विकास दर अधिक है।भ्रष्टाचार का दुष्प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि भ्रष्टाचार से प्राप्त रकम का उपयोग किस प्रकार किया जाता है।मान लीजिए एक करोड़ रुपये के सड़क बनाने के ठेके में से 50 लाख रुपया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया, सड़क घटिया बनी. प्रश्न उठता है कि घूस की 50 लाख की रकम का उपयोग किस प्रकार हुआ यदि इस रकम को शेयर बाजार में लगाया गया तो भ्रष्टाचार का आर्थिक विकास पर दुष्प्रभाव कुछ घटता है,दक्षिणी अमेरिकी देशों एवं भारत में यह अंतर साफ है। दक्षिण अमेरिका के नेताओं ने घूस की रकम को स्विट्जरलैंड के बैंकों में जमा करा दिया। नतीजा विकास में गिरावट आयी,परंतु भारतीय नेताओं ने स्विस बैंकों में जमा कराने के साथ- साथ घरेलू उद्यमियों के पास भी रकम जमा करायी। यदि घूस की रकम का निवेश किया जाये, तो अनैतिक भ्रष्टाचार का आर्थिक सुप्रभाव भी पड़ सकता है।मान लीजिए सरकारी निवेश में औसतन 70 फीसदी रकम का सदुपयोग होता है, जबकि निजी निवेश में 90 फीसदी का, ऐसे में यदि एक करोड़ रुपये को भ्रष्टाचार के माध्यम से निकाल कर निजी कंपनियों में लगा दिया जाये, तो 20 लाख रुपये का निवेश बढ़ेगा।अर्थशास्त्र में एक विधा 'बचत की प्रवृत्ति' के नाम से जानी जाती है। अपनी अतिरिक्त आय में से व्यक्ति कितनी बचत करता है उसे 'बचत की प्रवृत्ति' कहा जाता है। गरीब की 100 रुपये की अतिरिक्त आय हो, तो वह 90 रुपये की खपत करता है और 10 रुपये की बचत. तुलना में अमीर को 100 रुपये की अतिरिक्त आय हो, तो वह 10 रुपये की खपत करता है और 90 रुपये की बचत करता है.मान लीजिए अमीर इंजीनियर ने गरीब किसान से 100 रुपये की घूस ली। गरीब की आय में 100 रुपये की गिरावट आयी, जिसके कारण बचत में 10 रुपये की कटौती हुई. परंतु अमीर इंजीनियर ने 100 रुपये की घूस में 90 रुपये की बचत की. इस प्रकार घूस के लेनदेन से कुल बचत में 80 रुपये की वृद्धि हुई। अमीर द्वारा गरीब का शोषण सामाजिक दृष्टि से गलत होते हुए भी आर्थिक दृष्टि से लाभकारी हो गया।भ्रष्टाचार का आर्थिक विकास पर दुष्प्रभाव पड़ता है। मसलन, भ्रष्टाचार के चलते सड़क कमजोर बनायी जाती है, जिससे वह जल्दी टूट जाती है। इस फॉर्मूले के अनुसार भारत और चीन की विकास दर कम होनी चाहिए थी, क्योंकि ये देश ज्यादा भ्रष्ट हैं। परंतु वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है। भारत और चीन की विकास दर अधिक है. भ्रष्टाचार का दुष्प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि भ्रष्टाचार से प्राप्त रकम का उपयोग किस प्रकार किया जाता है.मान लीजिए एक करोड़ रुपये के सड़क बनाने के ठेके में से 50 लाख रुपया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया. सड़क घटिया बनी. प्रश्न उठता है कि घूस की 50 लाख की रकम का उपयोग किस प्रकार हुआ।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

## शब्द पहेली - 8412




### बाएँ से दाएँ

1. सरस्वती-3
3. किनारा,तट-3
5. मूल्य,कीमत-2
6. उस समय-2
8. प्रबंध,व्यवस्था-4
10. नमक-3
11. अधीन,मातहत-3
12. संज्ञा,संबोधन-2
13. मार्ग,रास्ता-2
14. तीर्थ,धार्मिक यात्रा-3
16. धुन,आसक्ति-3
18. जमानत-4
20. रहस्य-2
22. पुत्र,तनय-2
23. मुलायम-3
24. गंवार,अनपढ़-3

### ऊपर से नीचे

1. संध्या,सांझ-2
2. असुर,दैत्य-3
3. शोरबा,रसा-3
4. बुरी आदत-2
5. प्रवेश,एडमिट-3
7. वर यात्रा,दूल्हे का जुलूस-3
8. प्रियतम,साजन-4
9. अनाज-2
11. सनसनी,रोमांच-4
14. तृतीय-3
15. सच्चाई,सत्य-2
17. जिसकी नाक कटी हो, वादा फरामोश-3
18. मुंशी,दीवान-3
19. रवैया,तरीका-3
21. आम जनता-2
22. लता,लतिका-2


### शब्द पहेली -8411 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

29 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | मिथुन में |
| चंद्र | कर्क में |
| मंगल | सिंह में |
| बुध | कर्क में |
| गुरु | मिथुन में |
| शुक्र | मेष में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| कर्क | 06.37 बजे से |
| सिंह | 08.53 बजे से |
| कन्या | 11.05 बजे से |
| तुला | 13.15 बजे से |
| वृश्चिक | 15.30 ब.से |
| धनु | 17.46 बजे से |
| मकर | 19.51 बजे से |
| कुंभ | 21.38 बजे से |
| मीन | 23.10 बजे से |
| मेष | 00.41 बजे से |
| वृष | 02.21 बजे से |
| मिथुन | 04.19 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 180 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082
**शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्थी 09.15 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आश्लेषा 06.34 बजे को समाप्त।
**योग** वज्र 17.59 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 09.15 बजे तदनन्तर बव 21.14 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 03.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 13'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872390
**जूलियन दिन** 2460855.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** मोहर्रम
**तारीख** 03

| दिन का चौघड़िया | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 | से | 07.23 | बजे तक |
| चर | 07.23 | से | 08.51 | बजे तक |
| लाभ | 08.51 | से | 10.18 | बजे तक |
| अमृत | 10.18 | से | 11.46 | बजे तक |
| काल | 11.46 | से | 01.14 | बजे तक |
| शुभ | 01.14 | से | 02.41 | बजे तक |
| रोग | 02.41 | से | 04.09 | बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 | से | 05.36 | बजे तक |

| रात का चौघड़िया | | | | |
|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.36 | से | 07.09 | बजे तक |
| अमृत | 07.09 | से | 08.41 | बजे तक |
| चर | 08.41 | से | 10.14 | बजे तक |
| रोग | 10.14 | से | 11.46 | बजे तक |
| काल | 11.46 | से | 01.19 | बजे तक |
| लाभ | 01.19 | से | 02.51 | बजे तक |
| उद्वेग | 02.51 | से | 04.24 | बजे तक |
| शुभ | 04.24 | से | 05.53 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**- **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

### 11 गांवों के ग्रामीणों को आसानी से मिलेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

# कोरबा पावर लिमिटेड ने शुरू की मोबाइल हेल्थ केयर यूनिट

**विजय मत, कोरबा**

कोरबा पावर लिमिटेड के सामाजिक सरोकार के तहत अदाणी फाउंडेशन ने करतला और कोरबा ब्लॉक में मोबाइल हेल्थकेयर यूनिट का शुभारंभ किया है। सोमवार को आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.एन. केशरी ने एमएचसीयू को हरी झंडी दिखाकर सरगबुंदिया ग्राम पंचायत के लिए रवाना किया. इस अवसर पर मुख्य व्यवसाय अधिकारी समीर मित्रा, परियोजना प्रमुख सीवीके प्रसाद और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

एमएचसीयू हेल्पेज इंडिया के सहयोग से 11 गांवों में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगी, जिनमें पताड़ी, खोड्डुल, पहंदा, दराभांठा, ढनढ़नी, रिस्दीहापारा, उरगा, देवरमाल, और सरगबुंदिया शामिल हैं 2. यह यूनिट प्रतिदिन दो शिफ्टों में संचालित होगी और प्रत्येक दिन दो गांवों का दौरा करेगी. पांच सदस्यीय टीम, जिसमें एक मेडिकल कंसल्टेंट (MBBS), फार्मासिस्ट, सोशल प्रोटेक्शन ऑफिसर, ड्राइवर और सहायक स्टाफ शामिल हैं, जो चिकित्सा परामर्श, आवश्यक दवाओं का वितरण और स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियां प्रदान करेंगे।






डॉ. केशरी ने इस पहल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा, ह्लअदाणी फाउंडेशन का यह प्रयास आसपास के गांवों में स्वास्थ्य जागरूकता और बीमारियों की रोकथाम को बढ़ावा देकर समग्र जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एमएचसीयू न केवल बीमारियों की शीघ्र पहचान और उपचार को संभव बनाएगी, बल्कि मरीजों की यात्रा की कठिनाइयों को भी कम करेगी।

सरगबुंदिया ग्राम पंचायत के सरपंच और ग्रामीणों ने अदाणी फाउंडेशन और कोरबा पावर लिमिटेड को इस पहल के लिए धन्यवाद दिया। अदाणी समूह, अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से छत्तीसगढ़ के छह जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना विकास और आजीविका उन्नयन के कई कार्यक्रम चला रहा है। सरगुजा के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र उदयपुर ब्लॉक में मुफ्त ऑनलाइन कोचिंग के माध्यम से इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है. इसके अलावा, युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास केंद्र में कई जीविकोपार्जन पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के तहत 1200 एकड़ से अधिक भूमि पर 15.68 लाख पेड़ों का एक घना जंगल तैयार किया गया है।

## आवासीय को कृषि भूमि बताकर उगाही महिला पटवारी से कई लोग त्रस्त

**विजय मत, भिलाई**

पूर्व मुख्यमंत्री के गृहनगर भिलाई चरोदा की महिला पटवारी अर्चना वर्मा जन चर्चा का विषय बन गई है अपने आप को राजस्व मंत्री की भतीजी बताती है और कुछ जमीन दलालों से ये सब कहलाती है, त्रस्त लोगों का कहना है कि दुर्ग कलेक्टर भी समय पर कार्यालय पहुंच जाते है लेकिन पटवारी मैडम का समय प्रतिदिन 1:00 बजे से शुरू होता है , इतना ही नहीं वह सीमित समय के लिए आती है, एक असिस्टेंट रखी है जो ऑफिस में आने वालों को उनकी परेशानी जमीन से संबंधित काम को एसडीएम और तहसीलदार कार्यालय में आवेदन देने की बात करते है, कई लोगों को मैडम से बात करवा देते है। पीड़ित मोहम्मद शकील खान ने जनता से रिश्ता को बताया कि उनका ऑफिस और घर जो विगत 31 वर्ष पहले का निर्माण हुआ है जिसमें एक नगर निवेश दो विशेषण प्राधिकरण तीसरा विद्युत मंडल चौथ भवन पूर्णता प्रमाण पत्र आदि जो विभिन्न कार्यालय से अनुमति ली गई है, सारे दस्तावेज प्रस्तुत किया गया। भुंइया एप जो सरकार के द्वारा बनाया गया है उसमें देखने पर कृषि भूमि दिखता है जब वे पटवारी कार्यालय पहुंचा तो वजह त्रुटि बताया गया, पीड़ित का कहना है कि एक तरफ सरकार के द्वारा जनमानस की ऐसी परेशानी से निजात दिलाने की मंशा है लेकिन कुछ अधिकारी और कर्मचारी सरकार को बदनाम करने में लगे है, अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं।

## सार समाचार

### बालको ने अपने प्रचालन में सांख्यिकीय विश्लेषण को किया शामिल

**बालको।** बालको एल्यूमिनियम उत्पादन एक उच्च-सटीकता वाली प्रक्रिया है जो व्यापक रूप से आंकड़ों पर निर्भर करती है। बॉक्साइट की खुदाई से लेकर गुणवत्ता युक्त एल्यूमिनियम उत्पादों की कास्टिंग तक, उत्पादन की हर चरण में मजबूत सांख्यिकीय निगरानी और आंकड़ों का विश्लेषण एक आधारशिला की भूमिका निभाती है। राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के अवसर पर बालको मानता है कि आंकड़े केवल संख्या नहीं, बल्कि प्रचालन की गुणवत्ता, स्थिरता और दक्षता को लगातार बेहतर बनाने के साधन हैं।बालको ने अपने सभी प्रचालन में सांख्यिकीय विश्लेषण को शामिल करते हुए रियल टाइम में डेटा मॉनिटरिंग को निर्णय लेने की प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा बनाया है। इससे कार्यों से जुड़े मानकों की निगरानी होती है, जिससे संसाधनों का अधिकतम उपयोग, उत्सर्जन में कमी और उत्पादन की गुणवत्ता सुनिश्चित हुई है।धातु उत्पादन में निगरानी के महत्व को बताते हुए बालको के कर्मचारी करिवेदा श्रीकांत ने कहा कि डेटा मॉनिटरिंग मेरे दैनिक कार्य का एक अनिवार्य हिस्सा है। हम स्मेल्टर्स की मिनट-दर-मिनट निगरानी करते हैं ताकि पॉट रूम से होने वाला उत्सर्जन निर्धारित मानकों के भीतर रहे। यह सजगता हमें लगातार उत्सर्जन घटाने में मदद की है, जिससे एक स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित होता है।

### क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से नदी नाले उफान पर है, छात्रों को स्कूल जाने में हो रही है समस्या



**सूरजपुर।** प्राप्त जानकारी के अनुसार सूरजपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्र ओडगी में हो रही बारिश से नदी-नाले उफान पर है. स्कूली छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण जान जोखिम में डालकर उफनते नाले को पार कर स्कूल एवं गांव में जा रहे हैं जा रहे. यह मामला ओड़गी विकासखंड के ग्राम धरसेडी हाई स्कूल की तरफ जा रही सड़क पर बनी पुल में . स्थित नाला स्कूल और गांव के बीच रास्ते पर पड़ता है. बच्चे अपने भविष्य को गढ़ने के लिए रोज इस नाले को पार कर स्कूल पहुंचते हैं. नाले में पानी का स्तर बढ़ने पर बच्चे स्कूल नहीं जा पाते. वहीं इन दिनों लगातार बारिश से यह नाला उफान पर है, फिर भी बच्चे जान जोखिम में डालकर नाला पार कर स्कूल जा रहे. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी भारती वर्मा ने कलेक्टर से बात कर समस्या का निराकरण करने की बात कही है. उन्होंने संबंधित स्कूल के प्रचार्य को भी सावधानी बरतने के निर्देश जारी किए हैं।

### अंतर्राज्यीय-राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर भी मिलेगा

# अदाणी फाउंडेशन के तीरंदाजी प्रशिक्षण केन्द्र से 7 छात्रों का चयन

**विजय मत, रायगढ़**

रायगढ़ जिले के तमनार ब्लॉक में अदाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित तीरंदाजी प्रशिक्षण केन्द्र से सात छात्रों का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण में हुआ है। चयनित छात्रों को संबंधित प्रशिक्षण केन्द्रों में निःशुल्क छात्रावास, भोजन और राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों द्वारा तीरंदाजी प्रशिक्षण की सुविधा प्राप्त होगी। इसके साथ ही उन्हें अंतर्राज्यीय और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर भी मिलेगा, जिससे उनके खेल कौशल को और निखारने का अवसर प्राप्त होगा।

राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम एरिना में 21 से 23 अप्रैल 2025 तक आयोजित राज्य स्तरीय चयन ट्रायल में केंद्र के ग्राम कुंजेमुरा के आत्मानंद स्कूल में वर्ष 2024-25 के दौरान की स्थापना की गई थी। इस केन्द्र में 17 वर्ष से कम उम्र के 15 विद्यार्थियों को कोच एनोस सिंह द्वारा तीरंदाजी का प्रशिक्षण दिया गया। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को खेलों के माध्यम से आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

अदाणी फाउंडेशन के प्रशिक्षण केन्द्र से चार छात्रों का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण रायपुर के लिए हुआ. चयनित छात्रों में साहिल रजक (पुत्र जागेश्वर रजक), प्रियांश निषाद (पुत्र साधराम, निवासी कुंजेमुरा), आर्यन दास महंत (पुत्र पंचम दास महंत, निवासी रूमकेरा) और सुधीर सिदार (पुत्र चैनसिंह सिदार, निवासी ग्राम गारे) शामिल हैं। ये सभी छात्र आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल कुंजेमुरा में कक्षा 10 वीं और 11 वीं में अध्ययनरत हैं।



**रायपुर के लिए चयनित छात्र बाएँ से दाएँ**

- प्रियांश निषाद, एनोस सिंह ट्रेनर, सुधीर सिदार, साहिल रजक

**बिलासपुर के लिए चयनित छात्र बाएँ से दाएँ**

- रिंकू पुरसेठ, आदित्य चौहान, चित्रसेन निषाद.

इसके अतिरिक्त, 29 और 30 अप्रैल 2025 को आयोजित राज्य स्तरीय तीरंदाजी चयन ट्रायल में भाग लेने वाले पाँच छात्रों में से तीन छात्रों का भी चयन राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बिलासपुर में हुआ. इन छात्रों में चित्रसेन निषाद (पुत्र टिकेश्वर निषाद, निवासी कुंजेमुरा), रिंकु पुरसेठ (पुत्र कमल पुरसेठ, निवासी पाता) और आदित्य चौहान (पुत्र हरीशंकर चौहान, निवासी बजरमुडा) शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी इसी प्रशिक्षण केन्द्र से दो छात्रों का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण रायपुर में हुआ था। इनमें से एक कुमारी विनिशा मिंज ने राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व कर गौरव बढ़ाया है। अदाणी फाउंडेशन की यह पहल ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण बन रही है।

# अब से हर सोमवार दोपहर 12.30 बजे से होगा कलेक्टर जनदर्शन

**विजय मत, रायगढ़**

हर सप्ताह आयोजित होने वाला कलेक्टर जनदर्शन अब मंगलवार के स्थान पर प्रत्येक सोमवार को दोपहर 12.30 बजे से आयोजित होगा। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जिसके मुताबिक प्रशासनिक कार्यों में कसावट लाने के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली सप्ताहिक समय-सीमा की बैठक अब मंगलवार के स्थान पर प्रत्येक सोमवार को प्रातः 10.00 बजे से होगी एवं कलेक्टर जनदर्शन समय-सीमा बैठक की समाप्ति उपरांत दोपहर 12.30 बजे से कलेक्टर चैंबर-प्रतीक्षा कक्ष में आयोजित होगा। छात्रों को विकासखण्डों में दिया जाएगा निःशुल्क कोचिंग मयंक चतुर्वेदी के पहल और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले सभी सातों विकासखण्ड में मेडिकल कॉलेज में प्रवेश परीक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली नीट और इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश के लिये राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली जेईई परीक्षा की तैयारी करने के उद्देश्य से रायगढ़ जिले के छात्रों के लिये निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। कोचिंग कक्षायें यूथ सेंटर धरमजयगढ़, यूथ सेंटर लैलूंगा, यूथ सेंटर घरघोड़ा, यूथ सेंटर तमनार, यूथ सेंटर खरसिया, यूथ सेंटर पुसौर और पीएम श्री नटवर स्कूल रायगढ़ में आगामी 10 जुलाई 2025 से संचालित होंगी। जिसके लिये प्रत्येक विकासखण्ड से भौतिकी विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान और गणित के 3-3 विषय विशेषज्ञ व्याख्याताओं का चयन किया गया है।



## परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा नियमित जांच कार्यवाही

सूरजपुर। परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा नियमित जांच कार्यवाही यथा - शराब पीकर , तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन संचालन, मालवाहक में सवारी ढोना , सिग्नल जंप तथा अन्य धाराओं के तहत उल्लंघनकर्ता चालकों के विरुद्ध ड्राइविंग लायसेंस निलंबन हेतु अनुशंसित 51 प्रकरण जिला परिवहन कार्यालय को इस वर्ष प्राप्त हुई है। जिस पर कार्यवाही करते हुए कुल 21 लाइसेंस धारकों का लायसेंस 03-03 माह के लिए निलंबित किया गया है।8 प्रकरण को कार्यवाही हेतु संबंधित परिवहन कार्यालय में अग्रेषित किया गया है। तथा शेष 21 प्रकरण में लायसेंस धारकों को स्पष्टीकरण हेतु नोटिस जारी किया गया है।

## डायरिया की चपेट में आये 24 ग्रामीण, चार वार्डों में दहशत

**विजय मत, बलौदाबाजार**

जिले के नगर पंचायत पलारी क्षेत्र में डायरिया का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। नगर पंचायत पलारी के वार्ड क्रमांक 1 से 4 तक के वार्डों में उल्टी-दस्त के लक्षणों से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। फिलहाल 24 से अधिक मरीजों को पलारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है। वार्ड क्रमांक 4 में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाकर इलाज किया जा रहा है। इसके अलावा पलारी स्वास्थ्य केंद्र में अतिरिक्त बेड लगाए गए हैं। साथ ही आसपास के क्षेत्रों के डॉक्टरों की ड्यूटी भी केंद्र में लगाई गई है, जिससे किसी प्रकार की चिकित्सकीय व्यवस्था में कमी न हो। डॉक्टर पंकज वर्मा, जो इस समय सीएचसी पलारी में मरीजों का इलाज कर रहे हैं ने बताया कि, फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और सभी भर्ती मरीजों का इलाज निरंतर जारी है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि, वे खान-पान में विशेष सतर्कता बरतें, पानी को उबालकर ही पिएं और पुराने, सड़े-गले फल-सब्जियों का सेवन न करें।



## सरेंडर नक्सलियों के चेहरे खिले राज मिस्त्री का प्रमाण पत्र सौंपा गया

**विजय मत, सुकमा**

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए सुनहरे भविष्य की राह तैयार की जा रही है. इसी कड़ी में सुकमा जिले में पुनर्वास केंद्र में रह रहे 30 आत्मसमर्पित नक्सलियों को राज मिस्त्री का प्रशिक्षण दिया गया. यह पहल कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव और एसपी किरण चव्हाण के निर्देशन में शुरू की गई थी. प्रशिक्षण पूरा करने के बाद सभी लाभार्थियों को सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने प्रमाण पत्र प्रदान किए. बता दें, राज्य सरकार ने पहले ही यह घोषणा की थी कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को पुनर्वास केंद्र में रखकर उनके कौशल विकास और रोजगार के अवसर सुनिश्चित किए जाएंगे. इस कदम से नक्सली गतिविधियों से दूरी बनाने वालों को न केवल सम्मानजनक जीवन मिलेगा, बल्कि उनके परिवारों की आजीविका भी सुनिश्चित हो सकेगी. सुकमा जिले में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शांति, विकास और मुख्यधारा में शामिल होने की दिशा में एक अहम प्रयास माना जा रहा है. प्रशासन का मानना है कि इस तरह की योजनाएं बाकी सक्रिय नक्सलियों को भी प्रेरित करेंगी कि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटें।



### रिश्वत मामले में रोजगार सहायक बर्खास्त

**बलौदाबाजार।** कदाचरण और कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध बलौदाबाजार जिला प्रशासन द्वारा कठोर करवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियो से जिओ टैगिंग व मस्ट? रोल प्रस्तुत करने के एवज में राशि लेने की शिकायत जांच में पुष्टि होने पर रोजगार सहायक को बर्खास्त कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलारी (क) में पदस्थ ग्राम रोजगार सहायक गौरीशंकर पैकरा के विरुद्ध प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से जिओ टैगिंग व मस्ट? रोल प्रस्तुत करने के एवज में राशि लेने एवं अभद्र व्यवहार करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कसडोल द्वारा शिकायत जांच कराई गई। जांच में रोजगार सहायक गौरीशंकर पैकरा के विरुद्ध शिकायत सही पाए जाने तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के अनुमोदन उपरांत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कसडोल द्वारा ग्राम पंचायत बिलारी (क ) के रोजगार सहायक गौरीशंकर पैकरा को संविदा पद से पृथक कर दिया गया है।

**खास-खबर**

### अद्भुत दृश्य ड्रोन कैमरे में हुआ कैद

# छोटे शरारती हाथी को पूंछ और कान पकड़कर बड़े हाथी ने सिखाया सबक

**विजय मत, रायगढ़**

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले से हाथियों की अनोखी समझदारी और सामाजिक व्यवहार का एक दुर्लभ नजारा सामने आया है। ड्रोन कैमरे में कैद इस वीडियो में देखा जा सकता है कि किस तरह एक बड़े हाथी ने छोटे शरारती हाथी को अनुशासन सिखाते हुए उसकी पूंछ और कान पकड़कर सुधारा। जंगल के भीतर इस तरह का दृश्य न केवल रोमांचक है, बल्कि यह हाथियों की गहरी बुद्धिमत्ता और पारिवारिक संरचना की झलक भी देता है।

यह नजारा रायगढ़ जिले के छाल रेंज में आने वाले पुसल्दा गांव के जंगल का है, जहां हाथी मित्र दल की टीम ने इस खास पल को अपने ड्रोन कैमरे में कैद किया। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक छोटा नर हाथी जंगल में शरारत कर रहा था, तभी एक बड़ा नर हाथी आगे बढ़कर उसकी पूंछ और कान पकड़ता है, मानो उसे अनुशासन का पाठ पढ़ा रहा हो।



हाथी अत्यधिक बुद्धिमान और सामाजिक जानवर माना जाता है। इसके कुछ प्रमाण रायगढ़ में देखा भी जा चुका है। जिसमें प्रमुख रूप से हाथी शावकों के आराम करते समय बड़े हाथी चारों दिशाओं में तैनात दिखे, एक साथ तीन हाथियों की मौत के बाद हाथियों का दल उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचा था। इसके अलावा कुएं में गिरे हाथी शावक को बचाने के बाद, उसका जेसीबी चालक को अपने अंदाज में धन्यवाद कहने के नजारे को भी लोगों ने देखा है। गांव के ग्रामीणों की मानें तो बारिश के दिनों में हाथी अक्सर भोजन की तलाश में गांव की ओर रुख करते हैं। इस दौरान लोगों के घरों को तोड़कर नुकसान भी पहुंचाते हैं।

# न्यू कोरबा और श्वेता अस्पताल पर लगा 20-20 हजार का जुमार्ना

**विजय मत, कोरबा**

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सहअध्यक्ष जिला समिति (छत्तीसगढ़ राज्य उपचयार्गृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम) द्वारा श्वेता अस्पताल जिला जेल के पास, रजगामार रोड़ कोरबा और न्यू कोरबा अस्पताल मंगलम विहार कोसाबाड़ी को निरीक्षण दल से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर संस्थान में पाई गई अनियमितता और नर्सिंग होम एक्ट अधिनियम के उलंघन पाए जाने तथा नोटिस का जवाब असंतोषप्रद पाए जाने पर 20-20 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। श्वेता हॉस्पिटल के लाइसेंस को 1 जुलाई से 15 जुलाई 2025 तक निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार 24 जून को नर्सिंग होम एक्ट के तहत प्राधिकृत निरीक्षण दल द्वारा श्वेता अस्पताल और न्यू कोरबा अस्पताल चिकित्सकीय संस्थान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर उक्त चिकित्सकीय संस्थान में पाई गई अनियमिता के संबंध में दोनो संस्थान को कारण बताओं नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर प्रत्युत्तर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था। परिपालन में उनके द्वारा 27 जून को प्रत्युत्तर प्रस्तुत किया गया। प्रत्युत्तर का अवलोकन करने पर जवाब असन्तोषप्रद पाया गया तथा नर्सिंग होम एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन करना भी पाया गया। छत्तीसगढ़ राज्य उपचयार्गृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम 2010 के नियम 09 एवं नियम 12 के तहत कार्यवाही के तहत सीएमएचओ ने श्वेता अस्पताल का लायसेंस को 01.07.2025 से 15.07.2025 तक निलंबित किया है।



# 50 लाख की चोरी का खुलासा, अंतराज्यीय चोर गिरोह गिरफ्तार

**विजय मत, दुर्ग**

थाना दुर्ग कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत खंडेलवाल कॉलोनी में दिनांक 24 जून 2025 की रात हुए भीषण चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में करीब 50 लाख रुपये की चोरी गई संपत्ति झ सोना, चांदी और नगदी झ को बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने अंतराज्यीय चोर गिरोह के 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के अपराधी शामिल हैं। प्राथमिक रिपोर्ट के अनुसार, अज्ञात चोरों ने महावीर कॉलोनी स्थित एक मकान में खिड़की तोड़कर घुसपैठ की थी और 332 ग्राम सोना, 3.3 किलो चांदी और 9.76 लाख रुपये नगद चोरी कर फरार हो गए थे। प्रकरण में अपराध क्रमांक 299/2025, धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर, पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष जांच टीम गठित की गई। सीसीटीवी और



साइबर टीम की मदद से आरोपियों तक पहुंची पुलिस जांच के दौरान घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा करने पर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल में दो संदिग्ध युवक नजर आए, जिनकी पहचान रंजीत डहरे और रोशन मारकंडे के रूप में हुई। दोनों के ग्राम केकराजबोड, जिला खैरागढ़ में छिपे होने की जानकारी पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की बात कबूल की और बताया कि चोरी का माल योगेश्वरी उर्फ जुगरी मारकंडे व रविशंकर बंजारे के पास छिपाया गया है, जबकि चांदी के कुछ आभूषण आकाश सोनी को बेचे गए। जमीन में गाड़ा गया था चोरी का माल, डीएसएमडी से हुई बरामदगी चोरी का माल पुलिस से बचाने के लिए जमीन में गाड़ दिया गया था। डीएसएमडी की सहायता से 332.110 ग्राम सोना, 3.3 किलो चांदी और 9.76 लाख रुपये नकद बरामद किए गए। साथ ही एक स्प्लेंडर मोटर साइकिल भी जब्त की गई। गिरफ्तार आरोपीः रंजीत डहरे, रोशन मारकंडे, योगेश्वरी उर्फ, रविशंकर बंजारे, आकाश मन्नालाल सोनी (28), मिनीमाता नगर, थाना कलमना, नागपुर महत्वपूर्ण तथ्यः गिरोह के पास से लगभग 50 लाख रुपये की चोरी गई संपत्ति बरामद चोरी में प्रयुक्त मोटर साइकिल भी जब्त ई-साक्ष्य और डीएसएमडी तकनीक का हुआ उपयोग सभी आरोपियों का अपराधिक रिकॉर्ड पूर्व में भी रहा है कार्रवाई में एसीसीयू और दुर्ग थाना की रही महत्वपूर्ण भूमिका पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में विश्वास की भावना मजबूत हुई है। मामले की विस्तृत जांच एवं विधिक प्रक्रिया थाना दुर्ग द्वारा जारी है।

## दुर्ग में घर फूंकने की कोशिश, बड़ी वारदात को अंजाम देने वाले थे बदमाश

**दुर्ग।** नंदिनी टाउनशिप में देर रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई. बदमाशों ने घर के दरवाजे को बाहर से ताला लगाकर आग लगाकर लोगों को मारने की कोशिश की। गनीमत रही कि समय रहते पड़ोसियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया, और घर में रहने वाले लोग बाल-बाल बच गए। नंदनी टाउन शिप में रहने वाले रामेश्वर कुमार विश्वकर्मा ने थाने में घटना की शिकायत दर्ज कराई है. रामेश्वर ने बताया कि जब कूलर से धुंआ अंदर आने लगा, तब उन्हें घर में आग लगने का अहसास हुआ. इस पर उन्होंने दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन बाहर से बदमाशों ने ताला लगा दिया था। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए उन्होंने पड़ोसियों को फोन पर सूचना दी, जिसके बाद पड़ोसियों ने तत्काल दरवाजा तोड़ा और पानी डालकर आग बुझाया। आगजनी में घर के अंदर खड़ी एक स्विफ्ट कार और एक स्कूटी पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

# फाइनेंस कर्मी गिरफ्तार फर्जी लूट का खुलासा

**विजय मत, राजनांदगांव**



महाराष्ट्र सीमा पर बोरतालाब के पास 20 जून को फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी के साथ हुई लूट की शिकायत झूठी निकली है। कर्मचारी ने खुद ही दो लाख रुपए का गबन कर लिया था। इसके बाद उसने सुनसान सड़क पर उसके साथ हुई लूट की कहानी गढ़ बोरतालाब थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बहरहाल पुलिस ने लूट की पूरी कहानी का खुलासा करते हुए कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल एसाफ फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी मयूर अडमे ने खुद से लूट होने की शिकायत पुलिस से दर्ज कराई थी। उसने पुलिस को बताया था कि 20 जून को किस्त की राशि का कलेक्शन कर लौटते वक्त अज्ञात लोगों ने उससे मारपीट कर नकदी रकम दो लाख सहित मोबाइल चैन अंगूठी की लूट कर ली गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी तो सामने आया कि मयूर अडमें से किसी तरह की लूट नहीं हुई है बल्कि वह झूठी कहने गढ़ रहा है। कड़ाई से पूछताछ में उसने बताया कि उस पर कर्ज है, जिसे चुकाने उसने खुद से लूट की साजिश रची थी।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार युवक हिरासत में लिया

# इंडस्ट्रीज में हुई चोरी का खुलासा, 5 गिरफ्तार

**विजय मत, रायगढ़**

कोतरारोड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत जोरापाली स्थित जगदम्बा ट्रेलर्स एवं स्ट्रक्चर्स प्लांट के यार्ड से वाहन पार्ट्स चोरी का मामला सामने आया, जिसमें पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार युवक और एक विधि से संघर्षरत बालकों को हिरासत में लिया है। आरोपियों के कब्जे से पूरा चोरी का माल बरामद कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, जय कुमार वस्त्रकार पिता राज कुमार वस्त्रकार (26 वर्ष) निवासी गोरखा, जो उक्त प्लांट में एचआर पद पर कार्यरत है, ने थाना कोतरारोड़ में शिकायत दर्ज कराई कि दिनांक 27 जून की सुबह जब वह प्लांट के यार्ड में पहुंचे, तो पाया कि वहां रखे डिस्क की संख्या कम है। संदेह होने पर उन्होंने प्लांट के सीसीटीवी कैमरे की जांच की, जिसमें चार-पांच संदिग्ध युवक यार्ड से डिस्क, ड्रम व अन्य सामान चोरी कर ले जाते नजर आए। यार्ड में मौजूद सामान की गिनती करने पर पता चला कि पांच नग डिस्क (कीमत 35,000 रुपये), तीन नग ड्रम (कीमत 25,000 रुपये) और एक



इंजन हेड (कीमत 30,000 रुपये) कुल लगभग 90,000 रुपये का माल चोरी हुआ है। घटना रात 26 जून से सुबह 27 जून के बीच की बताई जा रही है। जय कुमार की रिपोर्ट पर थाना कोतरारोड़ में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 274/25 धारा 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पतासाजी शुरू की गई। जांच के दौरान ग्राम बरमुड़ा के चार युवकों – शिवा सिदार, विक्रम सिदार, शुभम सिदार और जयशंकर सिदार की पहचान हुई। मुख्य आरोपी शिवा सिदार को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने कबूल किया कि उसने अपने साथी विक्रम, शुभम, जयशंकर और एक अपचारी बालकों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस टीम ने चोरी गए चार नग डिस्क (कीमत 28,000 रुपये), चार नग ड्रम (कीमत 32,000 रुपये) और एक इंजन हेड (कीमत 30,000 रुपये), कुल 90,000 रुपये का सामान गवाहों के समक्ष बरामद किया। आरोपियों को आज न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, वहीं विधि से संघर्षरत बालकों को किशोर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया। गिरफ्तार आरोपीः 1. शिवा सिदार पिता बोधन साय, उम्र 18 वर्ष, निवासी बरमुड़ा, थाना कोतरारोड़। 2. शुभम सिदार पिता प्रभाकर सिदार, उम्र 18 वर्ष, निवासी बरमुड़ा, थाना कोतरारोड़। 3. विक्रम सिदार पिता दिलेश्वर सिदार, उम्र 22 वर्ष, निवासी बरमुड़ा, थाना कोतरारोड़। 4. जयशंकर सिदार पिता मोहितराम सिदार, उम्र 36 वर्ष, निवासी डीपापारा बरमुड़ा, थाना कोतरारोड़। साथ ही एक विधि से संघर्षरत बालक हिरासत में। कोतरारोड़ पुलिस द्वारा चोरी गए पूरे सामान की बरामदगी से क्षेत्र में स्थापित प्रतिष्ठानों ने राहत की सांस ली है, वहीं आरोपियों पर पुलिस की कड़ी कार्रवाई जारी है।

# तीन सगी बहनों पर चापड़ से हमला, अमन पटेल गिरफ्तार

**विजय मत, बिलासपुर**

न्यायधानी बिलासपुर के सरकंडा थाना क्षेत्र में तीन सगी बहनों पर चापड़ से हमला किया गया। हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए उन्हें सिम्स अस्पताल लाया गया। पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए आरोपी अमन पटेल को कोरबा से गिरफ्तार कर लिया है। घायलों की पहचान उर्मिला, प्रमिला और सरिता श्रीवास के रूप में हुई है। तीनों बांकीमोगरा थाना क्षेत्र के बहतराई भूकंप



ऑफिस के पास स्थित अटल आवास में किराए पर रहती थी और रजाई-गद्दा की दुकान में काम करती थी। शुक्रवार रात अज्ञात हमलावरों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गई।

## डिपो से निकला शराब से भरा ट्रक गायब

**बिलासपुर।** डिपी से लाखों की शराब लेकर निकला ट्रक गायब होने से आबकारी विभाग में हड़कंप मच गया है। यह मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है। ट्रक मालिक ने सिरगिट्टी थाने में मामले की शिकायत की है। पुलिस ने अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, सिरगिट्टी डिपो से शराब लेकर ट्रक निकला था। रायगढ़ के शराब दुकानों में डिलीवरी होनी थी, पर बीच रास्ते में विदेशी प्रीमियम क्वालिटी की शराब और बीयर से भरा ट्रक समेत चालक फरार हो गया है।




## उपसरपंच की पिटाई, पुलिस ने 3 लोगों को बनाया आरोपी

**दुर्ग।** अंडा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत निकुम के उप सरपंच गोपेंद्र कुमार साहू (36 वर्ष) के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने चिंतामणी साहू, रूपेंद्र साहू, दिनेश साहू के खिलाफ केस दर्ज किया है। गोपेंद्र ने पुलिस को बताया कि गांव में करीब 20 लोग मिलकर सामूहिक रूप से पैसा जमा करते हैं। 25 जून की रात करीब 8.30 बजे सभी सदस्य भाठापारा बाजार में बैठकर हिसाब-किताब कर रहे थे। गांव में रहने वाला चिंतामणी भी कमेटी का सदस्य है। उसने कमेटी से उधार पर पैसा ले रखा है। बैठक के दौरान चिंतामणि से पैसा वापसी को लेकर चर्चा चल रही थी। इसी बात को लेकर वह आक्रोशित हो गया।

## ट्रेलर ने मां-बेटे को रौंदा स्पॉट में दोनों की मौत

**बिलासपुर।** न्यायधानी बिलासपुर में एक बार फिर से रफ़्तार का कहर देखने को मिला है। यहाँ के सीपत थाना इलाके में शुक्रवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में माँ और बेटे के मौत हो गई। यह हादसा ग्राम पंधी चारपारा मोहल्ले के पास घटित हुई है।




एक अज्ञात ट्रेलर ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद ट्रेलर चालक वाहन सहित फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के णुताबिक जांजी गाँव के रहने वाले निवासी 28 साल का हरीश सिंह अपनी मां शकुन सिंह के साथ बाइक से बिलासपुर एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। वे जब वापस घर लौट रहे थे तभी रात 9 बजे पीछे से एक तेज रफ़्तार ट्रेलर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। ठोकर से नीचे गिरकर दोनों माँ और बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को सीपत स्थित मच्यूरी भिजवाया गया। इसके साथ ही सीपत तहसीलदार, एडिशनल एसपी व सीएसपी ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल पुलिस अज्ञात ट्रेलर व चालक की तलाश में जुटी है। मामले में सीपत थाना द्वारा जांच जारी है।

# राजनांदगांव पुलिस ने ली कई रिसॉर्ट की तलाशी, अटल आवास में भी रेड

**विजय मत, राजनांदगांव**

**राजनांदगांव।** शहर में लगातार बढ़ते अपराध को नियंत्रित करने के लिए पुलिस अब एक्शन में आ गई है। पुलिस टीम अब सभी संदेहास्पद जगहों पर दबिश दे रही है। वहीं गुंडे बदमाशों को भी लगातार राउंडअप करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। ताकि बदमाशों में खौफ बना रहे। पुलिस की विशेष टीम ने मनगटा में दबिश दी। यहां के सभी रिसॉर्ट को चेक किया गया। संचालकों को हिदायत दी गईं। वहीं रिसॉर्ट में रुके लोगों की पूरी जानकारी जुटाई गई है। एसपी मोहित गर्ग ने मनगटा में चेकिंग के लिए विशेष टीम बनाई, जिसमें पुलिस के 40 अफसर और जवान शामिल थे। इन्होंने एक -एक कर सभी रिसॉर्ट को खंगाला। हालाकि किसी तरह की कार्रवाई मनगटा में सामने नहीं आई है। लेकिन टीम ने रिसॉर्ट के हॉटल, गार्डन को चेक कर संदिग्ध व्यक्तियों की पतासाजी की



गई। रिसॉर्ट संचालकों के रजिस्टर को चेक किया गया। वहीं ठहरे लोगों की आईडी सहित आधार कार्ड की जांच की गई। इधर पुलिस ने शुक्रवार सुबह लखोली के अटल आवास में भी कांबिंग गश्त चलाया। जवानों की टीम ने यहां के 125 मकानों को चेक किया। एक मकान से गांजे का पौध जब्त किया गया, वहीं एक युवक के पास से धारदार तलवार भी पुलिस ने जब्त किया है। जिस पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पेंड्री व लखोली के अटल आवास में चल रहीं संदिग्ध गतिविधियां बता दें कि शहर के पेंड्री और लखोली के अटल आवास संदिग्ध गतिविधियों के लिए चर्चित हो गया है। यहां दूसरे शहर से भी पहुंचकर लोग ठहर रहे हैं। एक दिन पहले ही पुलिस ने पेंड्री अटल आवास के 400 मकानों में दबिश दी थी, इसी तरह शुक्रवार को लखोली में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान यहां रहने वाले सभी लोगों की पूरी जानकारी रजिस्टर में दर्ज की गई है। सभी के आधार कार्ड और दूसरे पहचान पत्र को खंगाला गया है। ताकि मकानों में रहने वाले हर व्यक्ति की जानकारी पुलिस के पास मौजूद रहे।



## अपहरण की वारदात, पांच करोड़ फिरौती मांग रहे थे बदमाश, 1 अरेस्ट

**सरगुजा।** शहर के लक्ष्मीपुर से 25 जून को एक युवक को कुछ लोगों ने जमीन दिखाने के बहाने बुलाकर किडनैप कर लिया था। आरोपियों ने कट्टा दिखकर उसके हाथ पैर बांध दिए और 5 करोड़ रुपए की फिरौती की मांग करने लगे। गांधीनगर पुलिस ने अपहरण किए गए युवक को सुरक्षित छुड़ाया और एक आरोपी बहादुर जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, गांधीनगर थाना क्षेत्र में युवक शंकर रवि को आरोपी ने जमीन दिलाने के बहाने बुलाया। इस दौरान कट्टा दिखाते हुए आरोपी ने शंकर रवि का हाथ-पैर बांधकर अपहरण कर के कार में कुछ दूर लेकर गया, जहां अन्य 4-5 आरोपी भी साथ आ गए. उन्होंने शंकर रवि से पहले 5 करोड़ रुपए की मांग की, फिर तत्काल 10 लाख रुपए, 50-50 लाख रुपए के 10 चेक और कोरे स्टाम्प पेपर में साइन करवाने की बात कही। मामले की जांच कर रही पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन को ट्रेस किया और आरोपियों तक पहुंची।

# घर से मिला गांजे का पौधा उगाने वाला युवक गिरफ्तार

**विजय मत, राजनांदगांव**

राजनांदगांव शहर में एक घर से गांजे का पौधा मिला है। पुलिस की 40 सदस्यीय टीम ने सोमनी थाना क्षेत्र के मनगटा पर्यटन स्थल में छापेमारी की। 26 जून की रात टीम ने सभी रिसॉर्ट की जांच की और वहां ठहरे लोगों के आधार कार्ड समेत अन्य दस्तावेजों की पड़ताल की। मनगटा क्षेत्र में दुर्ग, भिलाई और राजनांदगांव से जुआरी जुआ खेलने पहुंच रहे थे। 27 जून की सुबह पुलिस ने लखोली के अटल आवास में भी अभियान चलाया। 125 मकानों की तलाशी में एक युवक से धारदार तलवार बरामद की गई। तलवार रखने वाले युवक पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। एसपी मोहित गर्ग के निर्देश पर पुलिस ने सभी संदिग्ध स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी है और अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है।



वहीं, राजनांदगांव में किराना दुकान से हुई चोरी का मामला पुलिस ने 48 घंटे में सुलझा लिया है। 25 जून की रात को जितेन्द्र भानुशाली की किराना दुकान से चोरों ने 35,000 रुपए का सामान चुराया था। इसमें 15,000 रुपए का किराना सामान और 20,000 रुपए नगद शामिल थे। एसपी मोहित गर्ग के निर्देश पर कोतवाली थाना प्रभारी रामेन्द्र सिंह ने टीम का गठन किया। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की सूचना के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों में कन्हारपुरी के भूपेन्द्र साहू उर्फ दादू (20), रोहित सूर्यवंशी उर्फ पिंटू (19) और गणेश साहू (31) शामिल हैं।

अन्य गांव में भी उठ रही कार्रवाई की मांग

# अवैध रेत खनन, मशीन-7 हाईवा जब्त

**विजय मत, अभनपुर**

राजधानी रायपुर से महज 12 किमी दूर स्थित अभनपुर इलाके में खनिज विभाग ने अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। बीती रात क्षेत्र के ग्राम पारागांव में विभागीय टीम ने दबिश देकर वहां अवैध उत्खनन में लगी चैन माउंटेन मशीन को मौके पर ही जब्त कर लिया। इसके अलावा टीम ने नवापारा क्षेत्र में रेत परिवहन कर रहे 7 हाईवा वाहनों को भी जप्त किया है। इस कार्रवाई के बाद रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया है। वहीं रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर खनिज उप संचालक के.के. गोलघाटे के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के एक और गांव में भी अवैध रेत खनन के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठ रही है। अभनपुर क्षेत्र के ग्राम लखना से भी अवैध रेत उत्खनन का बड़ा मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार,




प्रतिदिन करीब 50 ट्रैक्टर वाहन ग्राम में नर्सरी के आसपास और महानदी से सैकड़ों ट्रिप रेत निकालकर बाहर भेज रहे हैं। यह रेत भंडारण कर हाईवा मालिकों को बेचा जा रहा है, जिससे शासन को राजस्व की भारी क्षति हो रही है। इस पूरे खेल में ग्राम के ही एक युवक की केंद्रीय भूमिका सामने आ रही है, जिस पर अब कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने खनिज विभाग से लखना में भी तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है। खनिज विभाग का कहना है कि अवैध उत्खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जहां भी अवैध रेत खनन और परिवहन की जा रही है, वहां कार्रवाई की जाएगी।

## सरकारी शराब दुकान मिलावटी शराब बेचने का मामला

**कोरबा।** राजधानी रायपुर के बाद अब कोरबा जिले में भी मिलावटी शराब बेचने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिले के सर्वमंगला स्थित आबकारी विभाग की कंपोजिट शराब दुकान में देशी शराब में पानी मिलाकर बेच जा रहा है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक सेल्समैन खुद यह स्वीकार करता नजर आ रहा है कि शराब में पानी मिलाया गया है। वायरल वीडियो के बाद विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि एक ग्राहक शराब खरीदने के दौरान सवाल करता है, जिस पर दुकान में कार्यरत कर्मचारी साफ तौर पर कहता है कि हां, इसमें पानी मिलाया गया है और खुद को महेंद्र सिंह नामक सेल्समैन बताता है। उसका यह कबूलनामा कैमरे में कैद हो गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस संबंध में आबकारी विभाग की बीट प्रभारी विजिता रानू भगत ने बताया कि मामले को संज्ञान में लेकर जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सुपरवाइजर की मौत को परिजनों ने बताया हत्या कब्र खोदकर शव का पीएम करने के निर्देश

**विजय मत, कोरबा**

बालको थाना क्षेत्र में अप्रैल महीने में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवक की मौत का मामला अब नया मोड़ ले रहा है। दो महीने बाद अब युवक तबरेज रजा की कब्र को खोदकर पोस्टमार्टम और जांच की जाएगी, ताकि मौत की असली वजह सामने आ सके।

स्वजन की शिकायत के बाद प्रशासन ने कब्र खोदने की अनुमति दे दी है। रूमगरा निवासी 24 वर्षीय तबरेज रजा अप्रैल 2025 में ठेकेदार अरुण पाल के साथ ओडिशा के रायगढ़ा स्थित अलमिना पावर प्लांट में काम करने गया था। वहां वह ड्राइवरी और



सुपरवाइजर का काम कर रहा था। 19 अप्रैल को ठेकेदार ने फोन कर बताया कि तबरेज की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। उसने परिजनों को मामूली बीमारी का हवाला देकर ओडिशा न आने की सलाह दी और सीधे शव लेकर कोरबा लौट आया। बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार कर दिया गया। तबरेज के पिता नजर इमाम ने कहा कि बेटा रोज फोन करता था, वह पूरी तरह स्वस्थ था। उन्होंने ठेकेदार पर जानकारी छिपाने और झूठ बोलने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मामूली बीमारी से युवक की मौत नहीं हो सकती। परिजनों की शिकायत पर पहले पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद उन्होंने कलेक्टर से गुहार लगाई, जिस पर प्रशासन ने कब्र खुदवाकर पोस्टमार्टम कराने का आदेश दिया है। एक-दो दिनों में यह प्रक्रिया पूरी की जाएगी और पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। ठेकेदार अरुण पाल को भी पूछताछ के लिए कोरबा बुलाया गया है।

# वाणिज्यिक कर विभाग में पारदर्शिता और सुधार की नई पहल, वर्षों बाद हुए तबादले

**विजय मत, रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार की गुड गवर्नेंस नीति के अनुरूप सभी विभागों में शासकीय कार्यप्रणाली को पारदर्शी, निष्पक्ष और जनहितकारी बनाने की दिशा में अनेक पहल की जा रही है। इसी क्रम में वाणिज्यिक कर (जीएसटी) विभाग में वर्षों बाद बड़े पैमाने पर तबादले किये गये हैं। इससे पहले विगत दो-तीन वर्षों में विभाग में एकाध बार ही सीमित संख्या में (केवल 10-15 अधिकारियों के) ही तबादले हुए थे।

जीएसटी विभाग के अधिकांश अधिकारी-कर्मचारी एक ही पदस्थापना स्थल पर लंबे समय से कार्यरत थे। कुछ अधिकारी तो लगातार 18 वर्षों तक एक ही स्थान पर पदस्थ थे। यह स्थिति विभाग के कार्य निष्पादन और कर संग्रहण में पारदर्शिता तथा निष्पक्षता की भावना को बाधित करती है। विभाग में स्वीकृत 35 राज्य कर उपायुक्त पदों में से 17 अधिकारियों को पदोन्नति उपरांत नवीन पदस्थापना प्रदान की गई। शेष 8 उपायुक्तों में 3 अधिकारी पिछले 10 वर्षों से, 2 अधिकारी 8 वर्षों से तथा 3 अधिकारी 4-5 वर्षों से रायपुर में पदस्थ थे। इसके अतिरिक्त 8 उपायुक्त तथा 4 सहायक आयुक्त 5 वर्षों से अपने गृह जिले में ही कार्यरत थे। 178 राज्य कर अधिकारी/राज्य कर निरीक्षक भी पिछले 4-5 वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ थे, जिनमें से 34 राज्य कर अधिकारी एवं 45 राज्य कर निरीक्षक लगातार 5 वर्षों से अपने गृह जिले में ही नियुक्त थे।



टैक्स कलेक्शन विभाग होने के कारण इतनी लंबी अवधि तक एक ही क्षेत्र में पदस्थ रहने से व्यापारिक संस्थाओं से व्यक्तिगत संबंध विकसित होने की संभावना बढ़ती है, जिससे कामकाज पर असर पड़ता है। वाणिज्यिक कर मंत्री श्री ओ पी चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस स्थिति में आवश्यक सुधार करते हुए राज्य में कर प्रशासन के विकेन्द्रीकरण और सुदृढ़ीकरण की दिशा में प्रभावी कदम उठाये गये हैं। पूर्व में विभाग के वृत्तों की संख्या 30 होते हुए भी विभागीय कार्यालय महज 15 जिलों में ही सीमित थे, जबकि राज्य सरकार के सभी प्रमुख विभागों के कार्यालय सभी जिलों में है।

इसी कमी को दूर करते हुए पहली बार दंतेवाड़ा, कोंडागांव, जशपुर और नवगठित जिले सक्ती एवं सारंगढ़ में वृत्त स्थापित कर वहां अधिकारियों की पदस्थापना सुनिश्चित की गई है। राजस्व संग्रहण को सशक्त बनाने के लिये विभाग में बीआईयू एवं ऑडिट यूनिट का गठन कर उनमें अधिकारियों की तैनाती की गई है। इतने बड़े पैमाने पर तबादलों के बावजूद मानवीय संवेदनाओं का पूरा ध्यान रखा गया है। विशेषकर पति-पत्नी दोनों अधिकारियों की पदस्थापना एक ही जिले में सुनिश्चित की गई है तथा महिला अधिकारियों को यथासंभव निकटवर्ती जिलों में ही स्थानांतरित किया गया है।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा की राज्य सरकार आगामी समय में भी सभी विभागों में ईमानदार, पारदर्शी और निष्ठावान कार्य संस्कृति को सुदृढ़ करने के लिये निरंतर कदम उठाती रहेगी।




## राज्यपाल डेका से डॉ. चावला ने की भेंट

**विजय मत, रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका एवं श्रीमती रानी डेका काकोटी से राजभवन में स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पीजीआईएमईआर) चंडीगढ़ के पूर्व निदेशक पद्मश्री सम्मानित डॉ. योगेश चावला एवं उनकी धर्मपत्नी ने सौजन्य भेंट की।

### न्यूज विंडो

## स्वास्थ्य मंत्री शामिल होंगे विशाल स्वास्थ्य शिविर में



**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा रविवार को सुबह 10 बजे से चेंबर भवन, रायपुर में एक विशाल मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण पहल में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री माननीय श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह स्वास्थ्य शिविर आम जनता एवं व्यापारियों को व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। चेंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने व्यापारियों एवं शहरवासियों से इस स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाने का आग्रह किया है।

इस अवसर पर चेंबर प्रदेश कार्यकारी महामंत्री कपिल दोशी (कार्यक्रम संयोजक), उपाध्यक्ष महेंद्र बागरोडिया, मंत्री राहुल खूबचंदानी (कार्यक्रम संयोजक), आकाश दुदानी (कार्यक्रम संयोजक), निखिल झवेरी, सांस्कृतिक प्रभारी अनिल जोत सिंघानी (कार्यक्रम संयोजक) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## बरसात के पूर्व डेंगू से स्वास्थ्य विभाग सतर्क, स्वास्थ्य विभाग ने शुरू किया जागरूकता



**विजय मत, रायपुर**

बरसात के मौसम में डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों की आशंका को देखते हुए रायपुर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू नियंत्रण के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि जिले में मितानिनों, ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति और समुदाय की भागीदारी से सोर्स रिडक्शन गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इसके तहत कूलर, टंकी, टायर, फूलदान, फ्रिज ट्रे आदि में जमा पानी हटाया जा रहा है, और जरूरत पडने पर टेमीफास लार्वीसाइड का छिड़काव किया जा रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. विमल किशोर राय ने कहा कि डेंगू की रोकथाम घर से ही शुरू होती है। जनसामान्य से अपील की गई है कि सप्ताह में कम से कम 10 मिनट निकालकर अपने घरों को मच्छर मुक्त बनाएं।

**डेंगू से बचाव के लिए सुझाव-**

* घरों में जमा पानी सप्ताह में एक बार हटाएं (ड्राय डे मनाएं)
* कूलर, टंकी और बर्तनों को ढंककर रखें
* पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें
* बुखार होने पर पैरासिटामोल लें, तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें
* सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें

## गद्दा फैक्ट्री में लगी आग एक मजदूर की मौत

**विजय मत, रायपुर**

बीती रात शुक्रवार को मंदिरहसौद के ग्राम कुटेशर में स्थित गद्दा फोम बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई जिसकी चपेट में आ जाने के कारण एक मजदूर की जलकर मौत हो गई। सूचना मिलने पर मंदिरहसौद पुलिस और दमकल कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया एग्री-हॉर्टी एक्सपो एवं क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का वर्चुअल शुभारंभ

# कृषकों की समृद्धि हमारा संकल्प: नवाचार और तकनीक से सशक्त होंगे छत्तीसगढ़ के अन्नदाता: मुख्यमंत्री साय

**विजय मत, रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर जिले में बगिया स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से कृषि क्रांति अभियान के अंतर्गत एग्री-हॉर्टी एक्सपो एवं क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का वर्चुअल शुभारंभ किया। जिला पंचायत परिसर में दो दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में देश की कई प्रमुख कृषि कंपनियां जैसे-जियो मार्ट रिटेल, देहात, हॉनेस्ट फॉर्म, आत्माकुर, धरागरी, अवनी आयुवेर्दा इत्यादि उपस्थित रहेंगी। इन कंपनियों के माध्यम से जिले के किसान एफपीओ के जरिए अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने हेतु फसल विक्रय अनुबंध कर सकेंगे। बिचौलिया प्रथा समाप्त होने से किसानों को उनकी मेहनत का सही मूल्य प्राप्त होगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषकों की समृद्धि के लिए छत्तीसगढ़ सरकार दृढ़ संकल्पित है। नवीनतम तकनीक को अपनाकर छत्तीसगढ़ के अन्नदाता आर्थिक रूप से अधिक सशक्त होंगे। उन्होंने कहा कि जशपुर के कृषि विकास के इतिहास में आज का दिन मील का पत्थर सिद्ध होने वाला है। जिला प्रशासन के अभिनव प्रयास से ह्यकृषि




क्रांतिह्न अभियान की शुरूआत हो रही है। हमारा देश कृषि प्रधान है और छत्तीसगढ़ में लगभग 80 प्रतिशत लोग कृषि तथा इससे संबंधित कार्यो से जुड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने हेतु फसल बीमा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। चाहे वह समर्थन मूल्य पर 3100 रुपये प्रति क्विंटल के मान से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी हो, समर्थन मूल्य पर वनोपज का संग्रहण हो या प्रोसेसिंग और निर्यात से जुड़ी योजनाएं हों, हमारी सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए बहुस्तरीय प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जशपुर में कटहल, आम, लीची, नाशपाती की बहुतायत में पैदावार होती है। यहां सेब की भी खेती शुरू हो गई है। इस सम्मेलन के माध्यम से किसानों और खरीदार कंपनियों के बीच सीधा संवाद स्थापित होगा। यह एक ऐसा मंच है जहां एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) के माध्यम से किसानों की उपज को सीधा बाजार उपलब्ध होगा, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा।

मुख्यमंत्री साय ने सॉइल हेल्थ कार्ड के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि इससे यह जानकारी मिलती है कि किस जमीन पर कौन-सी फसल का उत्पादन अधिक होगा और कितनी मात्रा में खाद की आवश्यकता होगी। इसके लिए केंद्र से आए कृषि वैज्ञानिक पूरे राज्य में जाकर सॉइल हेल्थ के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं। राज्य में कृषि के साथ पशुपालन, मछली पालन और डेयरी विकास को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। डेयरी विकास योजना के पायलट प्रोजेक्ट के तहत चयनित छह जिलों में जशपुर भी शामिल है।

रायगढ़ से वर्चुअली जुड़े सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि जशपुर जिले का प्राकृतिक वातावरण अत्यंत आकर्षक है।

### एग्री-हॉर्टी एक्सपो एवं क्रेता-विक्रेता सम्मेलन में मिलेगी उन्नत तकनीकों की जानकारी

सम्मेलन के माध्यम से किसानों को उन्नत तकनीकों की जानकारी देने के उद्देश्य से नाबार्ड एवं एपेडा जैसी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित होकर एग्रीकल्चर मार्केटिंग, जैव उत्पादों के प्रमाणीकरण आदि विषयों पर किसानों को जानकारी देंगे। राज्य के वरिष्ठ वैज्ञानिक फसल किस्मों का जीआई टैग, कृषि एवं उद्यानिकी फसलों की वैज्ञानिक पद्धति से खेती तथा रेशम विशेषज्ञ रेशम पालन की जानकारी देंगे। साथ ही कंपनी एवं किसानों के मध्य अनुबंध खेती (कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग) पर चर्चा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कंपनी और कृषकों के मध्य अनुबंध हस्ताक्षर भी किए जाएंगे। कार्यक्रम में फसल प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया है, जिसमें जिले के एफपीओ से जुड़े किसान एवं प्रगतिशील किसान अपनी फसल जैसे-जैविक धान, कुटकी, रागी, नाशपाती, लीची, रामतिल, टाऊ, मिर्च, सुगंधित धान आदि का किस्मवार गुणवत्ता के आधार पर प्रदर्शन करेंगे।

## मंत्री राजवाड़े ने किया आंगनबाड़ी और प्राथमिक शाला का औचक निरीक्षण



**विजय मत, रायपुर**

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सूरजपुर के पंच मंदिर वार्ड में आंगनबाड़ी केंद्र और शासकीय प्राथमिक शाला का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों की शिक्षा, पोषण, स्वच्छता और शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आंगनबाड़ी में बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार की गुणवत्ता, टीकाकरण और पोषण ट्रैकर ऐप के उपयोग की जांच की गई। मंत्री ने कुपोषण से जूझ रहे बच्चों की नियमित निगरानी और गुणवत्तापूर्ण आहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्राथमिक शाला में उन्होंने शिक्षकों से पाठ्यक्रम, मध्याह्न भोजन और पुस्तक वितरण की जानकारी ली। बच्चों से संवाद कर उनकी पढ़ाई और सपनों को जाना। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि मजबूत बचपन ही सशक्त भविष्य की नींव है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार बाल विकास को प्राथमिकता दे रही है।

उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण और बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में जिला कार्यक्रम अधिकारी, बीईओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स और श्रीराम बिजनेस जोन के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

**पदाधिकारियों का हुआ सम्मान, केंद्रीय राज्यमंत्री साहू और रायपुर सांसद हुए शामिल**

**विजय मत, रायपुर**

श्रीराम बिजनेस जोन डुमरतराई में चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स और श्रीराम बिजनेस जोन के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक समेत कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे.



केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ हर क्षेत्र में तेज़ी से प्रगति कर रहा है. उन्होंने कहा- पूरे प्रदेश में देख रहे हैंज् कहीं तेजी से विकास हो रहा है, तो वो हमारा छत्तीसगढ़ है. सभी क्षेत्रों में विकास हो रहा है. रायपुर व्यापार का केंद्र बना हुआ है. डुमरतराई में दवा व्यापारियों को शिफ्ट किया गया है. उन्होंने सभी व्यापारियों को देश के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कुछ लोग लाखों रुपये खर्च कर विदेश भ्रमण कर लेते हैं, लेकिन समाज और धर्म के उत्थान के लिए भी हमें दिल खोलकर योगदान देना चाहिए. उन्होंने घोषणा की कि सड़क निर्माण के लिए सांसद निधि से 10 लाख रुपये और विधायक मोतीलाल जी की विधायक निधि से 10 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज का समय सुविधाओं का है, जितनी बेहतर सुविधाएं होंगी।

## कल यात्री सुविधाओं और विकास कार्यों पर होगी चर्चा

**सांसद बृजमोहनऔर रेलवे जीएम की बैठक**

**विजय मत, रायपुर**



रायपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल 30 जून को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे. यह बैठक मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय रायपुर के सभागार में आयोजित की जाएगी, जिसमें रेल विकास और यात्री सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा होगी। पिछले वर्ष हुई बैठक में सांसद द्वारा उठाए गए विषयों पर रेलवे प्रशासन ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए कई कार्य पूरे किए हैं. रायपुर मंडल में कुंभ स्पेशल, होली स्पेशल, छठ स्पेशल और दीपावली स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया. अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत उरकुरा, भिलाई और भानुप्रतापपुर स्टेशनों का कायाकल्प कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उनका वर्चुअल उद्घाटन किया गया। अन्य रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य भी तेजी से चल रहे हैं. डब्ल्यूआरएस रेलवे कॉलोनी में सोलर प्लांट लगाने, राजिम गुड्स शेड का निर्माण मार्च 2026 तक पूरा करने, बंद ट्रेनों को नियमित करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी ठोस कार्रवाई हुई है. सांसद अग्रवाल ने रायपुर स्टेशन पर आपातकाल में डॉक्टर उपलब्ध कराने की मांग की थी. रेलवे प्रशासन ने बताया कि अब तक 08 बार निविदा प्रकाशित की गई, लेकिन किसी अस्पताल ने रुचि नहीं दिखाई. अब 9वीं बार निविदा प्रकाशित की गई है, जो 4 जुलाई को खोली जाएगी। सरोना स्टेशन को सब-अर्बन स्टेशन के रूप में विकसित करने, पार्किंग ठेकेदारों के पुलिस वेरिफिकेशन, खारुन रेल विहार में उद्यान निर्माण और वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल बढ़ाने जैसे मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### कलेक्टर और एसएसपी ने किया शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण

# रायपुर में नई सड़क व फ्लाईओवर योजनाओं पर मंथन

**विजय मत, रायपुर**

राजधानी रायपुर में बढ़ती आबादी और भविष्य के ट्रैफिक दबाव को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने सक्रिय पहल शुरू कर दी है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एवं एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने शहर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों का दौरा कर संभावित विकास स्थलों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मठपुरैना, भाटागांव, उरकुरा, एक्सप्रेस-वे सहित अन्य महत्वपूर्ण इलाकों में प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण, नए एक्सप्रेस वे, फ्लाईओवर और रेलवे अंडरब्रिज/ओवरब्रिज की संभावनाओं का गहन अवलोकन किया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि, आने वाले 4 से 5 वर्षों में रायपुर की जनसंख्या और ट्रैफिक में वृद्धि होगी। इस चुनौती का सामना करने के लिए अभी से रणनीतिक तैयारी की जा रही है।



कलेक्टर डॉ सिंह ने कहा कि शहर में यातायात सुगमता हेतु नई सड़कों का निर्माण, एक्सप्रेस वे और फ्लाईओवर की योजना बनाना आवश्यक है। इस दौरान पहले से प्रस्तावित परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कुमार बिश्वरंजन, एडीएम श्री देवेंद्र पटेल, अपर कलेक्टर श्री कीर्तिमान सिंह राठौर सहित पुलिस, रेलवे और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वावरा आशमा पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड , जयस्तभ चौक रायपुर से मुद्रित एवं डी -17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर गुढ़ियारी रायपुर (छग) से प्रकाशित। संपादक सीता शुक्ला। प्रधान संपादक विजय शुक्ला*।
आर.एन.आई. पंजीयन नं. CHHHIN/2017/75508 (* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायीक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो. 8889977997